

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्वच्छ भारत अभियान को इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जनआंदोलन करार दिया और कहा कि 'विकसित भारत' की यात्रा में हर प्रयास 'स्वच्छता से संपन्नता' के मंत्र को मजबूत करेगा।

# जनहितैषी

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्षः29 अंकः292 दिनांकः03-10-2024 गुरूवार मूल्यः1 रूपया 50 पैसा पृष्ठः4 अहमदाबाद M



इस्राइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने आज दोपहर सुरक्षा प्रतिष्ठान के प्रमुखों के साथ चर्चा की। अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक इस्राइली वायु सेना के साथ मिलकर ईरानी मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने के लिए सक्रिय हो गए हैं।

## G-7 देशों ने बुलाई आपात बैठक, पश्चिम एशिया में जबरदस्त तनाव

यरुशलम। ईरान द्वारा इजरायल पर मिसाइल अटैक के बाद जी-7 देशों ने तनाव कम करने के लिए बुधवार को आपात बैठक बुलाई है। यह निर्णय इटली की प्रधानमंत्री जियोजिया मेलोनी की अध्यक्षता में जी-7 के अन्य नेताओं के साथ एक तत्काल सम्मेलन के दौरान लिया गया। बातचीत के दौरान, जी-7 के नेताओं ने इजरायल के खिलाफ ईरान के हमले की कड़ी निंदा की। इस बीच भारत ने अपने नागरिकों से ईरान छोड़ने के लिए कहा है।

इजरायल पर ईरान द्वारा किए गए हमले के बाद उत्पन्न स्थिति पर विचार के करने के लिए संपन्न देशों के संगठन जी-7 ने बुधवार को आपात बैठक बुलाई है। वहीं इजरायल और ईरान में टकराव की आशंका से विश्व बाजार में बुधवार को कच्चे तेल की कीमत में ढाई प्रतिशत तक का उछाल आया है। इस बीच भारत ने अपने नागरिकों से ईरान छोड़ने के लिए कहा है।

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड फोर्स ने दावा किया है कि मंगलवार रात के हमले में इजरायल में खुफिया संगठन मोसाद के मुख्यालय, एफ-35 लड़ाकू विमानों के वायुसेना ठिकाने और अन्य सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। लेकिन इजरायल ने अमेरिका और जार्डन के सहयोग से ईरान के मिसाइल हमले को काफी हद तक विफल कर दिया। कई दायरों वाले डिफेंस सिस्टम के चलते इजरायल तक बहुत कम ईरानी मिसाइलें पहुंच पाईं।

जी-7 देशों - कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका - ने एक बयान जारी कर पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई है और जोर देकर कहा है कि बढ़ते संघर्ष का कूटनीतिक समाधान 'अभी भी संभव है।'

इटली से जारी एक बयान में कहा गया है कि जी-7 ने दोहराया है कि क्षेत्रीय स्तर पर संघर्ष किसी के हित में नहीं है और इसका कूटनीतिक समाधान अभी भी संभव है। इटली अभी जी-7 का अध्यक्ष है। इससे पहले, मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा था कि ईरान को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे और अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए इस्राइल के साथ मिलकर काम करेगा। हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं कहा था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर इस्राइल की जवाबी हमले की कार्रवाई का समर्थन नहीं करते हैं। जब बाइडन से पत्रकारों ने पूछा कि क्या वह ऐसी संभावना का समर्थन करते हैं, तो उन्होंने इसका जवाब नहीं दिया। बाइडन ने कहा कि इस्राइल को कल के ईरानी मिसाइल हमले का जवाब देने का अधिकार है। लेकिन उसे ऐसा समान रूप से करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका इस हमले के कारण ईरान पर नए प्रतिबंध लगाएगा। व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने आज जी7 नेताओं के साथ फोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने इस्राइल पर मिसाइल हमले के बाद ईरान के खिलाफ नए प्रतिबंधों का आह्वान किया। व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया, ठबाइडन और जी7 ने इजरायल के खिलाफ ईरान के हमले की स्पष्ट शब्दों में निंदा की। राष्ट्रपति बाइडन ने इस्राइल और उसके लोगों के प्रति अमेरिका की पूर्ण एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया, और इस्राइल की सुरक्षा के लिए अमेरिका की दृढ़ प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की।

## महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट आज से यूएई में शुरु होगा , दस टीमें भाग लेंगी

भारतीय टीम 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड, 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से खेलेगी

दुबई (ईएमएस)। महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट गुरुवार से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शुरु होगा। इसमें 10 टीमें भाग लेंगी। भारतीय टीम के साथ इसमें ग्रुप ए में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया की टीमें हैं। दूसरे ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं। टूर्नामेंट में कुल 23 मैच होंगे। सेमीफाइनल और फाइनल मैचों के लिए 'रिजर्व डे' रखा गया है। इसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इसमें भारतीय टीम को ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। पहले ये टूर्नामेंट बांग्लादेश में होना था पर हिंसा और खराब राजनीतिक हालातों के कारण इसे यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपना पहला मैच 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से मुकाबला करेगी। भारतीय महिला टीम इस टूर्नामेंट से पहले शानदार फार्म में है। उसने अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका को 28 रन से हराया। वहीं इससे पहले भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को 20 रन से हराया था। ये टूर्नामेंट सबसे अधिक छह बार ऑस्ट्रेलिया ने जीता है जबकि एक-एक बार इंग्लैंड मैचों का कार्यक्रम इस प्रकार है

| तारीख | मैच | स्थान |
|---|---|---|
| 4 अक्टूबर | भारत और न्यूजीलैंड | दुबई |
| 6 अक्टूबर | भारत और पाकिस्तान | दुबई |
| 9 अक्टूबर | भारत और श्रीलंका | दुबई |
| 13 अक्टूबर | भारत और ऑस्ट्रेलिया | शारजाह |
| 17 अक्टूबर | पहला सेमीफाइनल | दुबई |
| 18 अक्टूबर | दूसरा सेमीफाइनल | |

## ईरान और इजराइल के बीच जंग के असर, कई दिग्गज एयरलाइंस कंपनियों ने बदले रुट

कई एयरलाइंस कंपनियों ने रद्द कर दीं उड़ानें

नई दिल्ली (ईएमएस)। ईरान और इजराइल में तनाव बढ़ने का असर दुनियाभर में दिख रहा है। इस बीच विमानन क्षेत्र गहरा असर पड़ा है। मिडिल ईस्ट में जंग के बीच कई दिग्गज एयरलाइंस कंपनियों ने अपने रास्ता बदल लिया है या फिर सस्पेंड फ्लाइट्स की डेडलाइन को आगे बढ़ा दिया है। पहले इजराइल-फिलिस्तीन, फिर इजराइल और हिजबुल्लाह और अब इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष ने लुफ्थांसा से लेकर अमीरात तक की उड़ानों को प्रभावित किया है। एअर इंडिया ने भी दोनों देशों के बीच बढ़ते संघर्ष पर चिंता जाहिर की है।

वहीं कई एयरलाइनों ने इजराइल और लेबनान के लिए अपनी उड़ानों के निलंबन को आगे बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, लुफ्थांसा, केएलएम, अमीरात और स्विस एयरलाइंस सहित टॉप एयरलाइनों ने इजराइल, ईरान और लेबनान के लिए अपनी उड़ानों के निलंबन की घोषणा की है।

युद्ध बढ़ने की आशंका के चलते डच एयरलाइन केएलएम ने कहा है कि कंपनी ने क्षेत्र की नाजुक स्थिति को देखकर साल के अंत तक तेलअवीव के लिए अपनी सभी उड़ानें सस्पेंड कर दी हैं। रिपोर्ट में एयरलाइंस के प्रवक्ता ने हवाले से जानकारी दी गई है। बता दें कि अगस्त में केएलएम एयरलाइंस ने ऐलान किया था कि इजराइल के लिए सभी उड़ानें 26 अक्टूबर तक निलंबित की गई हैं, लेकिन अब इस डेडलाइन को बढ़ा दिया गया है।

वहीं जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा ने कहा कि वह 30 नवंबर तक बेरूत, 31 अक्टूबर तक तेल अवीव और 14 अक्टूबर तक तेहरान के लिए उड़ानें निलंबित कर रही है। इससे पहले दुबई की अमीरात एयरलाइंस ने गुरुवार की इराक, ईरान और जॉर्डन की उड़ानें कैंसिल की हैं और बेरूत की उड़ानों का निलंबन 8 अक्टूबर तक बढ़ाया है। कुवैत एयरलाइंस ने कुछ रूट्स को चेंज किया है, डेस्टिनेशन टाइमिंग पर असर पड़ा है। एयरलाइन ने कहा है कि यह जरूरी सुरक्षा उपायों के तहत किया गया फैसला है। ईरान एयर, इराकी एयरवेज, बहरीन स्थित गल्फ एयर और दोहा स्थित कतर एयरवेज ने भी अगली सूचना तक बेरूत के लिए सभी उड़ानें निलंबित कर दी हैं। वहीं एयर अरेबिया ने बेरूत के लिए अपनी सभी उड़ानें सस्पेंड कर दी हैं। फिलाय दुबई ने अपनी दुबई-बेरूत उड़ान को 7 अक्टूबर तक के लिए रद्द कर दिया है।

रॉयल जोडर्न ने मौजूदा स्थिति के बीच लेबनान की राजधानी के लिए उड़ानें निलंबित की हैं। आईटीए एयरलाइंस इटली ने तेल अवीव की उड़ानों के निलंबन को 31 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। ब्रिटिश एयरलाइन ने तेल अवीव की उड़ानों को 7 अक्टूबर तक रद्द कर दिया है। एयर फ्रांस ने भी घोषणा की कि उसकी पेरिस-तेल अवीव और पेरिस-बेरूत उड़ानें 8 अक्टूबर तक रद्द हैं।

इस बीच भारत की एअर इंडिया ने कहा कि हम मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष पर बारीकी से निगाह रखे हुए हैं और सुरक्षा जोखिमों का मूल्यांकन जारी है। कंपनी ने कहा है कि चाहे वह मिडिल ईस्ट हो या फिर रूट नेटवर्क के अन्य हिस्से सुरक्षा के लिए जरूरी एडजस्टमेंट किया जाएगा।

## लेबनान में इजरायल के अब तक 14 सैनिक मारे गए

नई दिल्ली (ईएमएस)। लेबनान में इजरायल की तरफ से जमीनी ऑपरेशन जारी है। इजरायली सेना ने बताया कि इसमें आठ सैनिकों की मौत हो गई। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक, इजरायल के अब तक 14 सैनिक मारे जा चुके हैं। ज्ञात रहे कि ईरान ने मंगलवार को इजराइल पर कम से कम 180 बैलेस्टिक मिसाइल दागीं। इजरायल और ईरान के बीच भी तनाव काफी बढ़ गया है।

सोमवार देर रात, इज़रायल की सेना ने दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती क्षेत्रों में हिज़्बुल्लाह के खिलाफ लिमिटेड और टारगेटेड रेड्स शुरू किए। इज़रायल की ग्राउंड फोर्स को लड़ाकू विमानों और आर्टलरी फायर से समर्थन मिलता है। अमेरिका ने सोमवार को कहा था कि इजरायली सेना लेबनान में सीमित अभियान चला रही है। इसके कुछ ही घंटों बाद इजरायली सेना ने औपचारिक रूप से जमीनी आक्रमण शुरू कर दिए। सेना ने ये नहीं बताया कि घुसपैठ में कितने सैनिक शामिल थे, लेकिन कहा कि उसका 98वां डिवीजन, जिसमें पैराट्रूपर्स और कमांडो इकाइयां शामिल थीं, इस हमले में शामिल हैं।

## ईरान ने जारी की मोस्ट वांटेड लिस्ट, नेतन्याहू, योआव गैलेंट और हर्जी हलेवी के नाम

तेहरान (ईएमएस)। ईरान ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और सेना प्रमुख हर्जी हलेवी सहित 11 लोगों की मोस्ट वांटेड लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट को इजरायली आतंकवादियों के खात्मे की लिस्ट के रूप में जारी किया गया है। यह कदम ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव को और बढ़ा सकता है।

ईरान के खुफिया मंत्रालय ने हिब्रू में एक धमकी जारी की है, धमकी में कहा गया है कि वे जल्द ही इजरायल की सुरक्षा संस्थानों के प्रमुखों और प्रधानमंत्री को खत्म कर दूंगा। ईरान तब लड़ाई के मूड में आ गया जब इजरायली सेना ने लेबनान में हिज्बुल्लाह के हेडक्वार्टर पर हमले में संगठन प्रमुख हसन नसरल्लाह को मार गिराया। बीते दिनों मिसाइल हमले को भी ईरान ने उनकी और हमास के पॉलिटिकल लीडर इस्माइल हानिया की मौत का बदला बताया था।

ईरान की हिट लिस्ट में बेंजामिन नेतन्याहू (प्रधानमंत्री), योआव गैलेंट (रक्षा मंत्री), हर्जी हलेवी (जनरल स्टाफ के प्रमुख), टोमर बार (इजरायली वायु सेना के कमांडर), सार सलामा (इजरायली नौसेना के कमांडर), तामिर यादई (ग्राउंड फोर्स के प्रमुख), अमीर बारम (जनरल स्टाफ के उप प्रमुख), अहरोन हलीवा (सैन्य खुफिया प्रमुख), ओरी गॉर्डिन (उत्तरी कमान के प्रमुख) येहुदा फॉक्स (मध्य कमान के प्रमुख) एलिएजर टोलेडानो (दक्षिणी कमान के प्रमुख) के नाम शामिल है।

## इजरायल को क्षेत्र में अपनी क्रूरता को रोकने के लिए मनाने में मदद करे - ईरान के राजदूत ने कहा

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में ईरान के राजदूत इराज इलाही ने कहा कि भारत इजरायल को क्षेत्र में अपनी क्रूरता को रोकने के लिए मनाने में मदद करे।

उन्होंने कहा कि अगर इजरायल ईरानी संपत्तियों और उसके हितों पर हमला करने से बाज नहीं आए तो उनका देश इजरायल पर फिर हमला करेगा। उन्होंने इजरायली पीएम को इस सदी का नया हिटलर बताया। इजरायल पर मिसाइल हमले को उन्होंने जवाबी कार्रवाई बताते हुए कहा कि ईरान अपने अंतरराष्ट्रीय हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर मजाक नहीं करता है।

पिछले सप्ताह हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की हत्या के बाद ईरान ने बदला लेने की कसम खाई थी। ईरानी राजदूत ने कहा, अगर इजरायल अपनी शत्रुता और ईरान के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ अपना उल्लंघन नहीं रोकता तो उसे बार-बार ऐसे हमलों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, न सिर्फ क्षेत्र में बल्कि पूरी दुनिया भर के लोग पश्चिम एशिया में इजरायल के शत्रुतापूर्ण कदम को देख रहे हैं। हर कोई गाजा और दक्षिणी लेबनान में हो रहे रक्तपात को देख रहे है। लोग गुस्से में हैं और इजरायल ने सभी मानवाधिकार संधियों का उल्लंघन किया है। इसलिए दुनिया उससे नाराज है।

राजदूत ने आगे कहा कि वह मानते हैं कि इजरायल पर ईरान के मिसाइल हमले को दुनिया भर के कई लोगों की ओर से समर्थन दिया जाएगा। इलाही यह भी मानते हैं कि भारत मिडिल ईस्ट में महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके संबंध इजरायल से अच्छे है। उन्होंने कहा, भारत इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्लेयर है। इजरायल के साथ इसके अच्छे संबंध हैं और जैसा पीएम मोदी ने कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। हम ईरान में भी इसे मानते हैं। लेकिन एक देश अगर दूसरे की संप्रभुता का उल्लंघन करता है तो वह देश और क्या कर सकता है?

उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा, भारत, जिसके दोनों पक्षों (ईरान और इजरायल) के साथ घनिष्ठ संबंध हैं वह इजरायल को क्षेत्र में अपनी क्रूरता को रोकने के लिए मनाने में मदद कर सकता है। हर कोई गाजा और दक्षिणी लेबनान में हो रहे रक्तपात को देख रहे है। इजरायली पीएम को राजदूत ने इस सदी का नया हिटलर बताया। उन्होंने कहा, अगर हमारे समय का हिटलर अपनी क्रूरता बंद कर देता है तो उसके देश को परिणाम नहीं भुगतना पड़ेगा।

## वायुसेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, बाढ़ के पानी में गिरा

मुजफ्फरपुर(ईएमएस)। बिहार के मुजफ्फरपुर में वायुसेना का हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। जानकारी सामने आ रही है कि हेलीकॉप्टर बाढ़ पीडितों के लिए राहत सामग्री लेकर उड़ा था और अचानक से पानी में जा गिरा। फिलहाल पायलट और सभी जवान सुरक्षित हैं और उन्हे सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। हेलिकॉप्टर सीतामढ़ी से बाढ़ पीडितों के लिए सामान लेकर उड़ा था। यह हादसा मुजफ्फरपुर के औराई में हुआ है। जब हेलिकॉप्टर नया गांव के वार्ड 13 में पहुंचा तो अचानक से अनियंत्रित हो गया और पानी में जा गिरा।

नेपाल में आई बाढ़ का असर बिहार के 12 जिलों पर हुआ है। जहां बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। फिलहाल सरकार ऐसे लोगों को भरोसा दिला रही है कि उन्हें हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी।

## उखरुल में हिंसा, 3 की मौत

इंफाल (ईएमएस)। मणिपुर के उखरुल जिले में बुधवार को नगा समुदाय के दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। 10 से ज्यादा घायल हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163, 2023 की उप-धारा 1 के तहत इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अगले आदेश तक लोगों के घरों से निकलने पर रोक है। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्ष नगा समुदाय के हैं, लेकिन हुनफुन और हंगपुंग नाम के दो अलग-अलग गांव हैं। दोनों पक्ष एक जमीन पर अपना दावा करते हैं। स्वच्छता अभियान के तहत विवादित जमीन की सफाई को लेकर दोनों पक्षों के बीच हिंसा हुई। इलाके में असम राइफल्स को तैनात किया गया है।

## ईरान-इजराइल के बीच तनाव......आज गिरावट के साथ खुल सकते हैं बाजार

मुंबई (ईएमएस)। पिछले कुछ दिन से भारतीय शेयर बाजार अपने शीर्ष के आसपास कारोबार कर रहा है। लेकिन पिछले दो दिनों से मार्केट में गिरावट से जोखिम बढ़ गया है। वहीं अब ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते जंग ने ग्लोबल ट्रेड को चिंता में ला दिया है। खासकर क्रूड ऑयल पर इसका ज्यादा असर दिखाई दे रहा है। इसके अलावा, ट्रेड होने वाले अन्य प्रोडक्ट्स भी प्रभावित हो सकते हैं।

ईरान की ओर से इजरायल पर मिसाइलें दांगने की खबर आने के बाद क्रूड ऑयल के दाम तूफानी तेजी से चढ़ गए। क्रूड ऑयल के दाम 5 प्रतिशत बढ़ गए। ग्लोबल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चढ़ चुका है।

तेल की कीमतों में उछाल देखा जा रहा है, क्योंकि ईरान ओपेक का सदस्य है, और तेल क्षेत्र का एक प्रमुख खिलाड़ी है। अब इसके युद्ध में शामिल होने से क्रूड ऑयल आपूर्ति में व्यवधान की आशंका है। ईरान दुनिया के लगभग एक तिहाई कच्चे तेल की आपूर्ति करता है। अगर क्रूड ऑयल की सप्लाई में रुकावट आती है, तब दुनिया के कई देशों की इंडस्ट्री पर इसका असर दिखाई देगा।

अगर दोनों देशों के बीच जंग बढ़ती है, तब निवेशक रियल संपति जैसे सोना, चांदी, लैंड और अन्य चीजों में निवेश की ओर बढ़ सकते है। इससे मार्केट में मुनाफावसूली होने से गिरावट आ सकती है।

वहीं व्यापार प्रभावित होने से असेट की कमी से बाजार में जोखिम बढ़ सकता है।

जंग बढ़ने की आशंका के बीच इक्विटी मार्केट में भी इसका असर दिखाई दे रहा है। अमेरिकी मार्केट 1.53 फीसदी तक टूट गया है। वहीं डॉउ 0.41 फीसदी टूटा है, एसएंडपी 500 में 1.4 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। एप्पल, एनवीडिया और माइक्रोसॉफ्ट जैसी प्रौद्योगिकी दिग्गज कंपनियों में भी गिरावट आई है।

बाजार जानकारों का कहना है कि मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण बाजार में स्पष्ट रूप से उतार-चढ़ाव है। तेल की कीमतें बढ़ रही हैं, बॉन्ड बढ़ रहे हैं, सोना बढ़ रहा है, शेयर गिर रहे हैं। यह पारंपरिक भू-राजनीतिक प्रतिक्रिया है। वहीं एक अन्य जानकार ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि से निवेशकों को महंगाई में बढ़ोतरी के बारे में चिंता होगी। महंगाई को कंट्रोल करने के लिए देश के केंद्रीय बैंकों पर दबाव होगा और हो सकता है कि इंटरेस्ट रेट में इजाफा हो, जिसका असर शेयर बाजार पर भी दिखाई दे।

आज कैसा होगा भारतीय शेयर बाजार?

अगर गुरुवार तक ऐसी ही स्थिति बनी रही और ईरान-इजरायल के बीच जंग बढ़ती है, तब भारतीय शेयर बाजार में भीइसकाअसर दिखाई देगा। ग्लोबल मार्केट में जोखिम और निवेशकों की चिंता के कारण गुरुवार भारतीय शेयर बाजार में भी गिरावट आ सकती है। वहीं गोल्ड रेट में इजाफा होगा।

## चुनाव से पहले राम रहीम को पैरोल.....बाहर आते ही डेरे का सियासी खेल शुरू

हिसार (ईएमएस)। हरियाणा चुनाव के बीच डेरा सच्चा सौदा मुखी राम रहीम बुधवार सुबह 6 बजे जेल से रिहा हो गया। राम रहीम को 3 शर्तों के साथ 20 दिन की पैरोल मिली है। जिसमें राजनैतिक कार्यक्रम न करना भी शामिल है।

हालांकि राम रहीम के बाहर आते ही डेरे का सियासी खेल शुरू हो गया है। राम रहीम की पैरोल की खुशी में डेरे ने हरियाणा के हर ब्लॉक में नाम चर्चा रखी गई है। जो बुधवार और गुरुवार तक चलेगी। 5 अक्टूबर को प्रदेश में वोटिंग होगी है। माना जा रहा है कि नाम चर्चा के दौरान ही डेरे की तरफ से राम रहीम का संदेश श्रद्धालुओं तक पहुंचाया जाएगा कि उन्हें अंदरखाने किसे सपोर्ट करना है।

यह बात अलग है कि डेरा हमेशा चुनाव में किसी एक पार्टी को सपोर्ट करने से इंकार करता है, लेकिन पैरोल के समय को देखकर विरोधी इस लेकर सवाल उठाते रहते हैं। अगर डेरे के वोटर एकतरफा हुआ तब उन सीटों पर इसका असर पड़ सकता है, जहां 2 उम्मीदवारों और खासकर भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबला है।

चुनाव आयोग के सूत्रों का कहना है कि हरियाणा सरकार से कहा गया है कि अगर राम रहीम आचार संहिता या शर्तों का उल्लंघन करता है, तब पैरोल तुरंत कैंसिल होगी। हरियाणा में 5 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा। इसी वजह से राम रहीम की पैरोल को चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। हरियाणा की 36 सीटों डेरे से जुड़े श्रद्धालुओं का वोट बैंक है। यौन शोषण और मर्डर केस में राम रहीम रोहतक जेल में सजा काट रहा है। पैरोल के दौरान राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित बरनावा आश्रम में रहेगा।

## 56 साल बाद सहारनपुर पहुंचा जवान का पार्थिव शरीर

सहारनपुर (ईएमएस)। भारतीय सेना को हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे पर 30 सितंबर को 4 भारतीय जवानों के शव मिले। इनमें एक शव मलखान सिंह का है। बर्फ में दबने से शव खराब नहीं हुआ।

मलखान सिंह सहारनपुर से 30 किलोमीटर दूर फतेहपुर गांव के रहने वाले थे। वह 56 साल पहले 7 फरवरी, 1968 को लापता हो गए थे।

## कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के बाहर दो धमाके

कोपेनहेगन (ईएमएस)। डेनमार्क के कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के बाहर दो धमाके हुए हैं, इसके बाद डेनमार्क पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी है। धमाकों की आवाज ने क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

वहीं जॉर्डन ने स्पष्ट किया है कि वह किसी भी पक्ष के लिए युद्ध का मैदान नहीं बनेगा। जॉर्डन के संचार मंत्री मोहम्मद अल मोमानी ने कहा कि जॉर्डन की स्थिति हमेशा से ऐसी रही है कि वह किसी के लिए भी मोहरा या युद्ध के मैदान के रूप में नहीं रहा। जॉर्डन के लोगों की सुरक्षा हमारी सर्वोपरि जिम्मेदारी है। इस दौरान, इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। इजरायली डिफेंस फोर्स ने कहा कि वे ईरान के हमले का जवाब देने के लिए तैयार हैं, लेकिन वे समय और स्थान का

## चीन-पाक सीमा पर सेना को मिलेगी प्रलय मिसाइल की ताकत

बॉर्डर पार दुश्मन के अड्डे पल भर में होंगे तबाह

नई दिल्ली (ईएमएस)। चीन और पाक सीमा पर सेना को प्रलय मिसाइल की ताकत मिलेगी। प्रलय मिसाइल कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है। दिसंबर 2022 वायुसेना के लिए 120 मिसाइलों का अप्रूवल मिला था। इसके बाद अप्रैल 2023 में दो यूनिट का अप्रूवल मिला। जिसमें करीब 250 मिसाइलें थीं। ताकि इन्हें भारतीय सेना के रॉकेट फोर्स में शामिल किया जा सके। इसके बाद सितंबर 2023 में डीएसी ने इस मिसाइलों के लिए आर्मी रेजिमेंट बनाने की अनुमति दी। अब एक यूनिट जिसमें 120 मिसाइलें होंगी, उनका अप्रूवल मिलना बाकी है। इसके बाद कुल मिलाकर 370 मिसाइलें सेना में शामिल होंगी। प्रलय मिसाइल कम दूरी की सतह से हवा और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है।

प्रलय मिसाइल की रेंज 150 से 500 किमी है। प्रलय की स्पीड 1200 किमी प्रति घंटा है। जिसे बढ़ाकर 2000 किमी प्रति घंटा किया जा सकता है। यानी हवा से टारगेट पर गिरते समय इसकी गति ज्यादा हो जाती है। चीन के पास इस तरह की डोंगफेंग-12 मिसाइल है। जबकि, पाकिस्तान के पास गजनवी, एम-11 (चीन से मिली) और शाहीन मिसाइल है।

सीमा के पास से दागना आसान

कम रेंज का फायदा ये है कि यह सीमा के पास मौजूद दुश्मन के अड्डों को चुटकियों में खत्म कर देगी। साल 2021 के दिसंबर महीने में 24 घंटे के अंदर इस मिसाइल का दो बार परीक्षण किया गया था। चीन और पाक सीमा पर इस मिसाइल की तैनाती से दोनों देश हद में रहेंगे। अगर सीमा के पास से इसे दागे तो चीन या पाक के बंकरों, तोपों, मिलिट्री बेस या उनके हथियार डिपो को खत्म करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

एक्यूरेसी, गति ही इसे बनाती है सबसे घातक

प्रलय मिसाइल की एक्यूरेसी और गति ही इसे सबसे ज्यादा घातक बनाती है। 5 टन वजनी यह मिसाइल अपनी नाक पर 500 से 1000 द्मद्द वजन का पारंपरिक हथियार ले जा सकती है। इस मिसाइल को बनाने में तीन मिसाइलों की तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। ये मिसाइलें हैं- प्रहार, पृथ्वी-2 और पृथ्वी-3।

रात में भी हमला करने की क्षमता से लैस

प्रलय मिसाइल रात में भी हमला करने की क्षमता रखती है। यानी चीन के ठिकानों पर रात में भी हमला संभव है। यानी इसमें इंफ्रारेड या थर्मल स्कैनर लगा होगा जो रात में हमला करने में मदद करता है। प्रलय मिसाइल इनर्शियल गाइडेंस सिस्टम पर चलती है। सॉलिड प्रोपेलेंट फ्यूल है। यानी इस मिसाइल के वॉरहेड में हाई एक्सप्लोसिव, पेनेट्रेशन, क्लस्टर म्यूनिशन, फ्रैगमेंटेशन, थर्मोबेरिक और केमिकल वेपन लगा सकते हैं। प्रलय की टारगेट ध्वस्त करने की सटीकता 10 मीटर यानी 33 फीट है। यानी टारगेट से 33 फीट के दायरे में यह मिसाइल गिरती है, तो भी उतना ही नुकसान करेगी, जितना सटीक निशाने पर गिरती तो करती। यानी जितना इलाका नष्ट करना है, उतना ही बर्बाद होगा।

## प्रशांत किशोर ने लांच की पार्टी, सरकार बनी तो मदिरा प्रेमियों को मिलेगी सौगात !

पटना (ईएमएस)। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने औपचारिक रूप से अपनी सियासी पार्टी को लॉन्च कर दिया है। प्रशांत किशोर ने अपनी पार्टी का नाम जन सुराज पार्टी रखा है। इसके साथ ही प्रशांत किशोर ने ऐलान किया है कि उनकी सरकार बनी तो शराबबंदी को हटा दिया जाएगा। प्रशांत किशोर पहले ही साफ कर चुके हैं कि बिहार में 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी।

पार्टी को लॉन्च करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा, जन सुराज अभियान 2-3 सालों से चल रहा है। लोग पूछ रहे हैं कि हम पार्टी कब बनाएंगे। हम सभी को भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहिए, आज चुनाव आयोग ने आधिकारिक तौर पर जन सुराज को जन सुराज पार्टी के रूप में स्वीकार कर लिया है।

इस मौके पर प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर प्रदेश में हमारी सरकार बनी तो एक घंटे के अंदर शराब बंदी की नीति को उखाड़कर फेंक देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि इस पैसे का इस्तेमाल बिहार में शिक्षा के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए किया जाएगा।

## ईरान का दावा 20 फाइटर जेट ध्वस्त किए, इजरायल ने कहा सभी मिसाइलों को नष्ट किया, कोई नुकसान नहीं

तेहरान(ईएमएस)। ईरान का दावा है कि उसने मिसाइलों से हमला करके, इजरायल के 20 फाइटर जेट विमान ध्वस्त कर दिए हैं जबकि इजरायल कह रहा है कि ईरान की एक एक मिसाइल को नष्ट कर दिया। इससे इजरायल को कोई नुकसान नहीं हुआ है। ईरानी गाड्र्स के अनुसार, उनके निशाने पर इजरायल के तीन सैन्य ठिकाने थे, जिनमें से नेवातिम एयरबेस को विशेष रूप से निशाना बनाया गया। उन्होंने दावा किया है कि इस हमले में नेवातिम एयरबेस पर खड़े कम से कम 20 फाइटर जेट्स को नष्ट कर दिया गया है, जिससे यह एयरबेस अब ऑपरेटिंग स्थिति में नहीं है। हालांकि, इजरायल की ओर से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है और नुकसान का सही आंकड़ा भी स्पष्ट नहीं है। इससे पहले, अप्रैल में भी ईरान ने इजरायल पर 110 बैलिस्टिक और 30 क्रूज़ मिसाइलें दागी थीं। लेकिन यह पहली बार है जब ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया है। इजरायली डिफेंस फोर्सेज ने बताया कि उन्होंने ईरान की अधिकांश मिसाइलों को नाकाम किया, जिसमें उनके दो मुख्य हथियार-आयरन डोम और डेविड्स स्लिंग - का उपयोग किया गया।

बता दें कि ईरान ने मंगलवार की रात इजरायल पर 200 से अधिक मिसाइलें दागी हैं। इस हमले के वीडियो में तेल अवीव सहित अन्य इलाकों में मिसाइलों की बौछार दिखाई दे रही है। ईरानी मीडिया का दावा है कि इन सभी मिसाइलों ने सटीक निशाना बनाया है और टारगेट हिट किए हैं। ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड ने इस हमले में पहली बार हाइपरसोनिक मिसाइलों के इस्तेमाल का दावा किया है, और कहा है कि 90 प्रतिशत मिसाइलें अपने लक्ष्यों पर लगीं।आयरन डोम यह इजरायल का प्रमुख एयर डिफेंस सिस्टम है, जो कम दूरी की मिसाइलें, रॉकेट और ड्रोन को रोकने के लिए डिजाइन किया गया है। आयरन डोम में इंटरसेप्टर होते हैं जो यह पहचान सकते हैं कि कोई मिसाइल या रॉकेट किस इलाके में गिरने वाला है और उसे हवा में ही इंटरसेप्ट कर देते हैं। इसकी सफलता दर 90ञ्च है।डेविड्स स्लिंग यह इजरायल का दूसरा महत्वपूर्ण हथियार है, जो लंबी दूरी के रॉकेट, बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों को नाकाम करता है। यह 1 मिनट के अंदर 100 किलोमीटर के दायरे में 200 टारगेट को ट्रैक कर सकता है और 300 किलोमीटर तक की रेंज में मिसाइलों को रोकने की क्षमता रखता है। हालहीमें,जब ईरान ने मोसाद के मुख्यालय को निशाना बनाया, तब डेविड्स स्लिंग ने इजरायली खुफिया एजेंसी की रक्षा की। इस घटनाक्रम ने इजरायल और ईरान के बीच के तनाव को और बढ़ा दिया है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति और भी जटिल हो गई है।

## जन हितैषी

### आर्थिक विकास और बढ़ता कर्ज: भारत की अर्थव्यवस्था का संकट ?

हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 3.4 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गई है, देश पर कर्ज 3.3 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गई है। हमारी अर्थव्यवस्था और कर्ज बराबर पर आ गए हैं। ऐसे में सवाल है, क्या भारत की अर्थव्यवस्था दिवालियापन की ओर बढ़ रही है। 2004 में अटल बिहारी बाजपेयी के कार्यकाल के अंत में भारत की अर्थव्यवस्था 700 बिलियन डॉलर थी। 10 वर्षों के मनमोहन शासनकाल में यह आंकड़ा बढ़कर 2014 में 2.25 ट्रिलियन डॉलर हो गया था। नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद 10 साल के शासन काल में जीडीपी 2024 में लगभग 3.4 ट्रिलियन डॉलर हो गई है। मोदी के पिछले एक दशक के कार्यकाल में औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण के क्षेत्र में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई,जिससे बेरोजगारी पिछले 10 वर्षों में तेजी के साथ बढ़ी है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं हुआ। मनमोहन सिंह के 10 साल के कार्यकाल में 1.55 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बढ़ी थी। 2008 में अमेरिकी आर्थिक मंदी का असर भी भारतीय अर्थ व्यवस्था में पड़ा था। मोदी के 10 साल के कार्यकाल में 1.15 ट्रिलियन डालर की अर्थ-व्यवस्था बढ़ी। 2014 में कर्ज 56 लाख करोड़ का भारत पर था। जो अब बढ़कर 1.65 करोड़ से ज्यादा हो चुका है। विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर घटकर 5.5 फीसदी पर आ गई है। इस क्षेत्र में भी रोजगार में कमी आई है। भारत के कपड़ा रेडीमेड और हस्तकला उद्योग में चीन का कब्जा 80% तक हो गया है। जिससे भारतीय बाजार और उद्योग प्रभावित हुए हैं। पिछले एक दशक में प्रत्येक क्षेत्र में 100 फ़ीसदी विदेशी निवेश की छूट दिए जाने के बाद से भारत का लघु एवं मध्यम क्षेत्र का रोजगार और उद्योग धंधे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। जिसके कारण देश में बड़ी तेजी के साथ बेरोजगारी बढी है।2014 में मोदी सरकार ने आते ही सभी सेक्टर में 100 फ़ीसदी विदेशी निवेश को जो छूट दी। उसके बाद से देश का आर्थिक ढांचा बुरी तरह गड़बड़ा गया है। भारत की अर्थव्यवस्था विदेशी निवेश और कर्ज पर आधारित हो गई है। अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति मे भारी कर्ज का बोझ कोढ में खाज की तरह हो गया है। पिछले 10 वर्षों में जनता के ऊपर टैक्स और शुल्क बेतहाशा बढ़ाए गए हैं। जिसके कारण महंगाई बड़ी तेजी के साथ बढ़ी, लोगों की आय कम हुई। स्थानीय रोजगार खत्म होने के कारण बेरोजगारी बढ़ी। सरकार ने इस दिशा में कोई ठोस ध्यान नहीं दिया। केंद्र सरकार राज्य सरकारों और स्थानीय संस्थाओं ने इन 10 वर्षों में विकास कार्यों और लोक लोभावन योजनाओं के लिए कर्ज लेकर सरकारी खर्चों को बढ़ा लिया। पिछले 10 सालों में लगातार टैक्स और शुल्क के रूप में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को 2014 की तुलना में 10 गुना ज्यादा कमाई की है। केंद्र और राज्य सरकारों ने भारी कर्ज लिया। कर्ज लेने के लिए बजट का आकार बढ़ाया। जिससे ज्यादा से ज्यादा कर्ज मिल सके। 2014 से लेकर 2024 के बीच में सरकार ने कर्ज और विदेशी निवेश को ही प्राथमिकता दी है। सरकार का ध्यान कभी भी महंगाई, बेरोजगारी, नागरिकों के ऊपर बढ़ते कर्ज, स्थानीय स्तर पर बेरोजगारी जैसे विषयों पर नहीं रहा। 1970 से लेकर 2000 के 30 वर्षों में भारत में सबसे ज्यादा रोजगार स्थानीय रोजगार लघु उद्योग के रूप में विकसित हुए थे। जिसके कारण भारत की अर्थव्यवस्था एक नए स्वरूप में पहुंच गई थी। 2008 की अमेरिकी मंदी का कोई प्रभाव भारत में इसलिए नहीं पड़ा। हमारी अर्थव्यवस्था लघु एवं मध्यम उद्योगों के हाथ में थी। कृषि की अर्थव्यवस्था मजबूत थी। 2014 के बाद से हम विदेशी निवेश पर आश्रित होते चले गए। हमारा आयात कई गुना बढ़ गया। उसकी तुलना में हम अपना निर्यात नहीं बढ़ा पाए। कर्ज लेकर खर्च की पूर्ति करते रहे। जिसके कारण भारतीय अर्थव्यवस्था दिवालियापन की ओर बढ़ चली है। केंद्र एवं राज्य सरकारों के पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं है। वह लगातार कर्ज उठा रहे हैं। बजट का 25 से लेकर 40 फ़ीसदी तक ब्याज और किस्त के रूप में राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को सरकारी खजाने से चुकाना पड़ रहा है। भारत में आम जनता से दुनिया भर में सबसे ज्यादा टैक्स वसूल किया जा रहा है। अब इस टैक्स को बढ़ाया भी नहीं जा सकता है। लोगों की बचत खत्म हो गई है! पिछले कई वर्षों से बचत से खर्च मध्यम एवं निम्न वर्ग चला रहे हैं। भारतीय शेयर बाजार और आर्थिक आंकड़ों में हेरफर करके वर्तमान सरकार वास्तविक स्थिति की अनदेखी कर रही है। इससे समस्या और भी बढ़ रही है। विश्व बैंक भारत को बढ़ते कर्ज को लेकर लगातार चेतावनी दे रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भारत में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ गई है। जिसके कारण देश की आर्थिक स्थिति दिनों दिन विकराल होती जा रही है। रिजर्व बैंक, निति आयोग, बाजार नियामक संस्था सेबी, भारतीय शेयर बाजार सरकार के साथ कदमताल करते हुए चल रहे है। जिसके कारण आर्थिक स्थिति पर अब रिजर्व बैंक जैसी संस्था का भी कोई नियंत्रण नहीं है। सेबी का भी शेयर बाजार पर कोई नियंत्रण नहीं है। जो अर्थव्यवस्था के आंकड़े अभी देखने को मिल रहे हैं। वह कितने वास्तविक हैं। इसको लेकर सारी दुनिया के देशों में तरह-तरह की चर्चा होने लगी है। भारत के लिए यह चिंता विषय है।

## विज्ञान लेखन आज की आवश्यकता

विज्ञान लेखन एक विशेष प्रकार का लेखन है जिसे छात्रों की विज्ञान की समझ को बढ़ाने के लिए जांच-आधारित ज्ञान में एकीकृत ज्ञान के बारे में लिखा जाता है।इसकी क्रोई उम्र नहीं है रिटायर होने पर भी लिख कर समय व्यतीत कर सकते हैं 60 की उम्र में कार्यस्थल आपको ख़त्म कर देता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप अपने करियर के दौरान कितने सफल या शक्तिशाली थे, आप एक सामान्य व्यक्ति बनकर लौटेंगे। इसलिए, अपनी पिछली नौकरी की मानसिकता और श्रेष्ठता की भावना से चिपके न रहें, अपने अहंकार को त्यागें, अन्यथा आप सहजता की भावना खो सकते हैं!

70 की उम्र में समाज धीरे-धीरे आपको ख़त्म कर देता है। जिन मित्रों और सहकर्मियों से आप मिलते और मेलजोल रखते थे, वे कम हो गए हैं और आपके पूर्व कार्यस्थल पर शायद ही कोई आपको पहचानता हो। यह मत कहो, मैं हुआ करता था... या मैं कभी था... क्योंकि युवा पीढ़ी आपको नहीं जानती होगी, और आपको इसके बारे में असहज महसूस नहीं करना चाहिए!

80 की उम्र में परिवार धीरे-धीरे आपको ख़त्म कर देता है। भले ही आपके कई बच्चे और पोते-पोतियाँ हों, अधिकांश समय आप अपने जीवनसाथी के साथ या अकेले ही रहेंगे। जब आपके बच्चे कभी-कभार आते हैं, तो यह स्नेह की अभिव्यक्ति है, इसलिए उन्हें कम आने के लिए दोष न दें, क्योंकि वे अपने जीवन में व्यस्त हैं!

90 की उम्र में, पृथ्वी तुम्हें ख़त्म करना चाहती है। जिन लोगों को आप जानते थे उनमें से कुछ पहले ही हमेशा के लिए चले गए हैं। इस बिंदु पर, दुखी या शोकाकुल न हों, क्योंकि यही जीवन का मार्ग है, और हर कोई अंततः इसी मार्ग का अनुसरण करेगा!

इसलिए, जबकि हमारा शरीर अभी भी सक्षम है, जीवन को भरपूर जियो! जो चाहो खाओ, जो चाहो पीओ, खेलो और वो काम करो जो तुम्हें पसंद है।

याद रखें, एकमात्र चीज़ जो आपको ख़त्म नहीं करेगी वह है विज्ञान लेखन। सामान्य अर्थ संचार-माध्यमों के द्वारा गैर-वैज्ञानिक समाज को विज्ञान के विविध पहलुओं एवं विषयों के बारे में सूचना देना है। कभी-कभी यह काम व्यावसायिक वैज्ञानिकों द्वारा भी किया जाता है ( तब इसे विज्ञान का लोकीकरण कहा जाता है। )। विज्ञान संचार अपने-आप में एक पेशेवर क्षेत्र बन चुका है।हेलिक कुछ लोग इसे एक पेशा व राजनीति करते हैं और जब कोई गुणवत्ता पूर्ण लेख अपनी पत्रिका में छापता है तो क्रोई अपने को बहुत बड़ा विज्ञान लेखक मानते हुए लेख को निकाले लाने पर क्रोधी हो जाता है लेकिन अपने लेख के बारे में नहीं देखता है विज्ञान लेखन स्वतंत्र है और विज्ञान की जानकारी प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है ऐसे में हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद मुंबई के द्वारा वैज्ञानिक पत्रिका बिना किसी भेदभाव के अच्छे विज्ञान के लेख प्रकाशित करती है जिसके संपादक जाने माने विज्ञान संचारक श्री राजेश कुमार मिश्र हैं जो पत्रिका को गुणवत्ता पूर्ण बना रहें हैं बधाई के पात्र हैं। ( लेखक- संजय गोस्वामी / ईएमएस )

### शब्द पहेली - 8147

**बाएँ से दाएँ**

1.उच्च कुल का-3
6.जलज,पंकज,नीरज-3
7.चरित्र,धर्म-5
8.वचन,प्रतिज्ञा-3
10.आनेवाला दिन-2
12.पक्षियों का शोर, पक्षियों की चहचहाट -4
15.अनबन,कहासुनी-4
17.रुपया,पैसा-2
19.भ्रम,संदेह-3
21.कहानी लिखनेवाला-5
23.अंजन-3
24.वजह-3

**ऊपर से नीचे**

2.अधिवर्ष,29 फरवरी वाला वर्ष-2,3
3.कंठ,गला-3
4.लाज,लज्जा-3
5.विवाह,ब्याह-2
6.सोना,धतूरा-3
9.टेका,आसरा-3
11.बुरी आदत-2
13.रेखा,लाइन-3
14.हत्या,मर्डर-2
16.नवचंद्राकार -5
18.अनुकृति-3
19.भला कार्य-3
20.घर,गृह,निवास-3
22.युद्ध,संग्राम -2

शब्द पहेली -8146 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

# बीजेपी भीड़ बढ़ा रही है या सदस्य

- सदस्यता पर सियासत

सदस्यता अभियान महज एक रस्म नहीं है। परिवार का विस्तार है। यह नंबर गेम भी नहीं है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम कितनी संख्या हासिल करते हैं। यह सदस्यता अभियान एक वैचारिक और भावनात्मक आंदोलन है। ये बात कही थी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान- 2024 की शुरूआत करते हुए। इस कार्यक्रम को संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024 का नाम दिया गया है। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी का पहला सदस्य बनाकर,अपने अभियान की शुरुआत की। पीएम नरेंद्र मोदी ने पार्टी के टोल फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल के जरिए फिर से भाजपा की सदस्य ली। इसके बाद, पार्टी के अन्य कई नेताओं को भी फिर से भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई गई। नई दिल्ली में इस कार्यक्रम के साथ भाजपा का सदस्यता अभियान पूरे देश में शुरू हो गया। मिस्ड कॉल अभियान के जरिए पार्टी का सदस्य बनाने के लिए भाजपा ने मिस्ड कॉल नंबर- 8800002024 भी जारी किया है। लोग नमो ऐप के माध्यम से भी भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं। एक तरफ तो मोदीजी इस सदस्यता अभियान को नंबर गेम नहीं मानते और दूसरी तरफ 10 करोड़ से ज्यादा लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है। एक तरफ तो मोदीजी सदस्यों को जोड़कर संगठन को मजबूत और देश को सशक्त बनाने की बात कर रहे हैं तो दूसरी ओर सरकारी राशन दुकान पर केवायसी के नाम पर सदस्य बनाने के आरोप सामने आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद चल रहे इस सदस्यता अभियान को कामयाब बनाने के लिए मंत्री से लेकर कार्यकर्ता तक जुटे हुए हैं। ये भी माना जा सकता है कि सदस्यों के रूप में नंबर बढ़ाने के साथ ही बीजेपी का हर नेता अपने भी नंबर बढ़ाना चाहता है। पार्टी का फोकस युवाओं को जोड़ने पर सबसे ज्यादा है। पीएम मोदी ने सदस्यता अभियान की शुरूआत करते हुए अपना विजन साफ कर दिया था। उन्होंने कहा कि मेरे सामने जो अभी 18 से 25 साल की उम्र का जवान है, वह मेरे 2047 के सपने को पूरा करने के लिए शक्ति का सबसे बड़ा स्रोत है। इसलिए युवाओं को विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जोड़ना है, नेशन फर्स्ट के विचार से जोड़ना है। यानि मोदीजी ने सन 2047 तक का लक्ष्य निर्धारित कर लिया है। मोदी का लक्ष्य किस तरह पूरा हो रहा है इसकी खबरें छन-छन कर सामने आ रहीं हैं। जहां सदस्यों का टारगेट पूरा हो गया वहां उत्साह दिख रहा है तो जहां लक्ष्य पीछे छूट गया वहां निराशा झलक रही है।

पार्टी के नेता भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बताते हुए नहीं थकते। उनका ये भी कहना है कि भाजपा ही ऐसी अकेली पार्टी है जो लोकतांत्रिक ढंग से हर 6 साल में सदस्यता रिन्यू करती है। भाजपा के संविधान के मुताबिक हर 5-6 साल बाद नए सिरे से सबको फिर से पार्टी का सदस्य बनाया जाता है। वर्ष 2014 तक चीन की कम्युनिस्ट पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी हुआ करती थी लेकिन 2014 में जब भाजपा के 11 करोड़ सदस्य बने, उसके बाद भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई। इस बार भी पार्टी का लक्ष्य 10 करोड़ से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाना है। जिन राज्यों को चुनाव की घोषणा हो गई है, उन राज्यों में यह सदस्यता अभियान बाद में चलाया जाएगा। अमित शाह के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यकाल में वर्ष 2014-15 में 11 करोड़ लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। वर्ष 2019 में चले सदस्यता अभियान में 7 करोड़ लोग शामिल हुए थे यानी 2019 तक लगभग 18 करोड़ लोग भाजपा के सदस्य बने थे।

भाजपा के सदस्यता अभियान के बीच सियासत भी शुरू हो गई है। भाजपा ने मध्यप्रदेश के करीब 64 हजार बूथों में से हर बूथ में सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का आरोप है कि राशन दुकानों पर लोगों को धोखे में रखकर सदस्य बनाया गया। 1 रुपये में मोबाइल कवर का लालच देकर सदस्य बनाया जा रहा है। मध्य प्रदेश में सबसे पहले प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सीएम डॉ. मोहन यादव को सदस्य बनाया था, इसके बाद प्रदेश भर में सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई थी। सदस्यता अभियान के लिए सांसद-विधायक, जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को अलग-अलग टारगेट दिया गया था। बीजेपी के सदस्यता अभियान पर कांग्रेस के नेताओं ने सवाल खड़े कर दिए हैं। मध्यप्रदेश में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक वीडियो जारी किया जिसमें शासकीय राशन दुकान पर केवायसी के नाम पर बीजेपी की सदस्यता दिलाई जा रही है। यह वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कई सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने अपने सोशल साइड एक्स पर लिखा कि भाजपा का सदस्यता अभियान या जबरन सदस्य बनाने का जाल। भोपाल के छोला रोड स्थित राशन की शासकीय दुकान पर झूठी केवायसी के नाम पर भाजपा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। राशन लेने आने वालों की जानकारी के बिना उन्हें भाजपा का सदस्य बनाकर पार्टी की फर्जी संख्या बढ़ाई जा रही है। कई जगह स्कूल और कॉलेज के छात्रों से झूठ बोलकर उन्हें पार्टी का सदस्य बनाए जाने की भी शिकायत सामने आई है। इससे भाजपा की फर्जी सदस्यता तो बढ़ेगी, लेकिन लोगों का परसनल डाटा लीक होने का भी बड़ा खतरा है। इसलिए बीजेपी के लोगों से सावधान रहना और दूरी बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा केवल सदस्यता अभियान में किसी भी तरीके से सदस्य बढ़ाने में जुटे हुए हैं। कभी राशन की दुकान पर तो कभी कॉलेज में तो कभी नौकरी दिलाने का आश्वासन के चलते झूठे रजिस्ट्रेशन कराये जा रहे हैं। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के आरोपों पर प्रदेश बीजेपी के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने जवाब देते हुए कहा कि बीजेपी संगठन की शक्ति और प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नेतृत्व में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जोरदार हार का सामना किया है। लिहाजा कांग्रेस अभी तक अपनी हार नहीं पचा पा रही है। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी बीजेपी पर हमला करने पीछे नहीं रहे हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मध्य प्रदेश में बीजेपी नेता अपने आकाओं को खुश करने के लिए अब सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को भी बीजेपी का सदस्य बना रहे हैं। हाल ही में भोपाल नगर निगम के शासकीय कर्मचारियों को बीजेपी का सदस्य बनाया गया है। मैं सभी शासकीय सेवकों से कहना चाहता हूं कि आपकी प्रतिबद्धता किसी पार्टी के प्रति नहीं, बल्कि जनता और जनसेवा के प्रति होनी चाहिए। उन्होंने ये भी लिखा कि राजनीतिक दबाव और प्रभाव में आने वाले सरकारी सेवक याद रखें, यदि सरकारी पद पर होने के बावजूद आपका बीजेपी से किसी भी प्रकार का जुड़ाव दिखा, तो चार साल बाद इसका पूरा हिसाब लिया जाएगा। इसलिए, अपनी निष्ठा केवल सेवा नियमों के प्रति रखें। बात राशन दुकान तक ही सीमित नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को उस वक्त अजीब स्थिति का सामना करना पड़ा जब पार्टी के अनुशांगिक संगठन एबीवीपी ने इस अभियान की मुखालफत की।

इंदौर के एक सरकारी कॉलेज में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने इस अभियान का विरोध करते हुए कहा कि शिक्षा के मंदिरों को राजनीति का अखाड़ा ना बनाया जाए। एबीवीपी के छात्रों ने शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्य के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन हल नहीं निकला। आखिर में प्रिंसिपल सुरेश टी सिलावट को लिखित आदेश जारी करना पड़ा कि कॉलेज परिसर में एबीवीपी की सहमति के बिना कोई भी राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होगा। एबीवीपी नेताओं का कहना था कि आज बीजेपी आई है और कल कोई और पार्टी आएगी। हमने कहा कि यह शिक्षा का मंदिर होना चाहिए, राजनीति का अड्डा नहीं। एबीवीपी नेताओं का कहना था कि एबीवीपी और भाजपा के बीच वैचारिक समानताएं हो सकती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम उन्हें परिसरों में प्रवेश करने देंगे। जब हमें सदस्यता अभियान के बारे में पता चला तो हमने चार अन्य कॉलेजों में विरोध प्रदर्शन किया। हमने अन्य जिलों के सदस्यों के साथ समन्वय किया है और उनसे भाजपा को परिसरों में प्रवेश न करने देने के लिए कहा। मामले को तूल पकड़ा देख राजधानी भोपाल के पार्टी नेता सक्रिय हो गए। भोपाल और इंदौर के सीनियर बीजेपी लीडरों ने एबीवीपी नेताओं से बात की और बाद में कहा गया कि 'गलतफहमी' दूर हो गई है। नेताओं का कहना था कि एबीवीपी और भाजपा एक ही हैं, एबीवीपी हमारा छात्र संगठन है। हमने मामले को सुलझा लिया है।

मध्यप्रदेश के ही राघोगढ़ से कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने आरोप लगाए हैं कि राघोगढ़ के पॉलिटेक्निक कॉलेज में एड्स कंट्रोल सोसायटी के कार्यक्रम के बहाने छात्रों से भाजपा के मेंबरशिप वाले नंबर पर मिस्ड कॉल कराकर उन्हें धोखे से सदस्य बनाया गया है। कांग्रेस का आरोप है कि गुना में एक रुपये में मोबाइल का बैक कवर देकर बीजेपी की सदस्यता दिलाई गई। आरोप है कि एक कार्यकर्ता ने मोबाईल दुकानदारों से संपर्क किया। इन दुकानों पर एक रुपये में मोबाइल का स्क्रीन गार्ड और बैक कवर लगाया जा रहा है। दुकान पर पहुंचने वाले ग्राहकों से मिस कॉल कर बीजेपी की सदस्यता दिलाई गई। इसी तरह पांढुर्णा में महिला बाल विकास की सुपरवाइजर का एक ऑडियो वायरल हुआ। इसमें कहा गया है कि सभी लाड़ली बहनों को बोले कि उनका मोबाइल भी साथ लेकर आए। इस कार्यक्रम में लाडली बहनों से मिस्ड कॉल कर सदस्य बनाए जाने का आरोप लगे हैं। इसे लेकर पांढुर्णा में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदर्शन किया था। इधर बीजेपी अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का कांग्रेस के आरोपों पर कहना है कि हमने मिस्ड कॉल नंबर जारी किया है, यदि कोई सदस्य बन रहा है तो दिक्कत क्या है। स्वेच्छा से जिन्हें सदस्य बनना है, वे सदस्य बन रहे हैं।

इधर, राजस्थान में अंर्तकलह की वजह से भाजपा का सदस्यता अभियान अपने चरम पर नहीं पहुंच पाया। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान ने राजस्थान में सत्ता और संगठन दोनों की कलई खोल दी। भाजपा शासित राज्य होने के बाद भी सदस्यता अभियान में राजस्थान की हालत ने पार्टी नेताओं की चिंता बढ़ा दी है। लोकसभा चुनाव में लगे झटके से पार्टी उबर भी नहीं पाई थी कि सदस्यता अभियान ने पार्टी नेताओं के माथे पर पसीना ला दिया है। जल्द ही राजस्थान की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है और इन सीटों वाले जिलों में भी सदस्य संख्या ज्यादा नहीं बढ़ पाई है। हाल ही में जयपुर में सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने खुद रोष जाहिर किया था। बीएल संतोष ने पार्टी नेताओं और जनप्रतिनिधियों को साफ कहा कि राजस्थान में सवा करोड़ का लक्ष्य है और इसे पूरा करना होगा। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश पदाधिकारी के साथ अभियान संयोजक, सहसंयोजक, विधायक, सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक सदस्यता अभियान जिला संयोजक, सहसंयोजक आदि पदाधिकारियों और नेताओं की बैठक ली। जब इन पदाधिकारियों ने सदस्यता अभियान के डेटा बताए तो संतोष ने कहा कि फिर सदस्य संख्या क्यों नहीं बढ़ रही है।

बहरहाल, बीजेपी के सदस्यता अभियान को देखकर यही लगता है कि दुनिया में सबसे बड़े राजनीतिक दल का ठप्पा वो बरकरार रखना चाहती है। कोई भी राजनीतिक दल अपने सदस्य या समर्थक बढ़ाए इससे किसी को कोई हर्ज नहीं होना चाहिए लेकिन पार्टी में भीड़ बढ़ने से शायद ही कोई फायदा हो। भाजपा नेताओं का दावा है कि वो लोकतांत्रिक तरीके से हर छ साल में अपने सदस्यता का रिनिवल करती है लेकिन सदस्यता अभियान को लेकर जो सवाल उठ रहे हैं वो कुछ और ही इशारा कर रहे हैं। ( लेखक- मुस्ताअली बोहरा/ ईएमएस )

# हजारों करोड़ रुपए खर्च होने के बाद भी एनआरसी डब्बे में बंद

- लाखों लोग हुए परेशान, करोड़ों रुपए का घोटाला

- बांग्लादेशियों को मोहरा बनाकर हो रही है राजनीति

- खुलेआम हिंदू मुस्लिम की राजनीति

भारत के असम राज्य के दो जिलों के नागरिकों का राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर बनाने का फैसला हुआ था। दो जिलों में जो 19 लाख लोग बाहर से आए थे। उनकी नागरिकता के लिए यह प्रक्रिया शुरू की गई थी। केन्द्र सरकार बदलते ही एनआरसी का पूरा स्वरूप ही बदल गया। यह एक राजनीतिक मुद्दा बन गया। केंद्र और राज्य सरकारों के हजारों करोड़ों रुपए इस प्रक्रिया में खर्च हुए। दो जिलों के स्थान पर सारे असम राज्य के लाखों परिवारों को इसकी वेदना सहनी पड़ी। दस्तावेज जुटाने के लिए दस्तावेजों की फोटो कॉपी कराने और अपने आप को नागरिक बताने के लिए लाखों लोग 2 साल से अधिक परेशान हुए। करीब 25 लाख दस्तावेजों का वेरिफिकेशन किया गया। सरकारी अमले ने घर-घर जाकर 25 लाख घरों में जाकर दस्तावेजों को जांचा गया। 13.18 लाख लोगों को एनआरसी के रजिस्टर में शामिल किया गया।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जब फिर इसकी जांच की गई, तो 2346 डेटा की जांच की गई। उसमें 943 डेटा गलत मिले। मई 2021 में सुप्रीम कोर्ट को इसकी जानकारी दी गई। उसके बाद से ही मामला ठंडा पड़ा हुआ है।

असम के 68 लाख परिवारों ने नागरिकता के लिए फॉर्म भरे। 10 लाख लोगों के परिवार की फैमिली ट्री का सत्यापन किया गया। आस पड़ोस के लोग यदि एक दूसरे को नहीं पहचानते थे, तो उनके नाम खारिज कर दिए गए। उन्हें संदिग्ध माना गया। 68 लाख लोगों में से 27 लाख लोगों को रिजेक्ट कर दिया गया था। जिसमें एक सांसद का परिवार भी था।

केंद्र और असम की राज्य सरकार ने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर को लेकर खूब हंगामा किया। संसद में नया कानून बनाने के पहिले और बाद में लगातार राजनीति होती रही। सरकारी खजाने से हजारों करोड़ों रुपए खर्च हो गए। 68 लाख परिवारों के हजारों रुपए हर परिवार के खर्च हुए। लाखों लोगों को परेशानी में डालने के बाद भी कुछ भी हासिल नहीं हुआ। जहां से यह मामला शुरू हुआ था, वहीं पर आज भी वहीं अटका हुआ है।

**कैग रिपोर्ट में 260 करोड़ का घोटाला**

2020 में कैग ने इस सारे मामले का ऑडिट किया। डाटा एंट्री ऑपरेटर की तनख्वाह 14500 प्रति ऑपरेटर तय थी। सरकारी रिकॉर्ड में 9000 ऑपरेटर नियुक्त किए गए थे। उन्हें 5500 प्रति ऑपरेटर भुगतान किया गया। केग की रिपोर्ट के अनुसार इसमें 260 करोड रुपए का घोटाला हुआ। इसके अलावा अन्य सर्वेक्षण और कार्यों में सैकड़ों करोड रुपए खर्च में घोटाले किए गए। शासकीय स्तर पर लाखों दस्तावेजों का डिजिटाइजेशन कराया गया। हजारों कर्मचारियों को कई महीने तक घर-घर जाकर जांच के कार्य में लगाया गया था। इसमें बड़े पैमाने पर सरकारी धन खर्च किया गया।

**रिजेक्शन स्लिप नहीं दे पाए**

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर नवंबर 2019 में स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रतीक हजेला को मध्य प्रदेश सरकार के पास डेपुटेशन पर भेज दिया गया। 24 दिसंबर 2019 को हितेश देव सरमा को स्टेट कोआर्डिनेटर बनाया गया। जब उन्होंने जांच की तो उसमें भी भारी गड़बड़ियां पाई गई। जिसके कारण आज तक रिजेक्शन स्लिप के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। जुलाई 2022 में वह भी सेवा निवृत हो गए। उसके बाद इसकी जिम्मेदारी गृह सचिव मजूमदार के पास आई। उन्होंने इस मामले में कोई रुचि नहीं ली। असम सरकार ने भी यह मामला ठंडा बस्ते में डाल दिया है. सरकार जानकारी देने से भी बच रही है।

**धड़ाधड़ बन रहे हैं आधार कार्ड**

एनआरसी रजिस्टर का मामला ठंडा पड़ने के बाद पिछले कुछ समय से लाखों लोगों के नाम असम की मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं। नए आधार कार्ड भी बनाए जा रहे है। सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। हजारों करोड रुपए खर्च हो जाने और लाखों परिवार कई वर्षों तक प्रताड़ित करने के बाद असम में पुरानी स्थिति बनी हुई है। इसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाए। यहां की जनता को यह समझ में नहीं आ रहा है। अभी भी प्रताणना और राजनीति से एक वर्ग नारकीय जीवन जी रहा है।

**असम में बांग्ला प्रवासियों का इतिहास**

स्वतंत्रता के पहले 1905 में बड़ी संख्या में अंग्रेजों ने बांग्ला भाषा के लोगों को यहां पर बुलाकर बसाया था। 1951 की जनगणना में इनको शामिल किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर इनका एक अलग रजिस्टर तैयार किया गया था। 1971 में जब भारत और पाकिस्तान के बीच में लड़ाई हुई। तब असम में कुछ बांग्लादेशी शरणार्थी के रूप में आए थे तत्कालीन इंदिरा सरकार ने इन्हें शरण देने का आदेश दिया था। 1985 में हुए असम समझौते में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय 1971 में जो बांग्लादेशी असम में आकर बसे थे। उन्हें भारत का नागरिक मान लिया गया था। 2010 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में दो जिलों के लिए एनआरसी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। 2013 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से यह प्रोजेक्ट पुनः शुरू किया गया। प्रतीक हजेला को प्रोजेक्ट का कोआर्डिनेटर बनाया गया था। 2018 में इसका पहला ड्राफ्ट तैयार हुआ था। इस प्रस्ताव में 40 लाख लोगों को एनआरसी से बाहर कर दिया गया था। जांच के बाद उसके बाद एक सप्लीमेंट्री सूची जारी की गई। जिसमें 19 लाख लोगों को संदिग्ध माना गया उसके बाद से यह मामला ठंडा पड़ा हुआ है। असम में इसको लेकर लगातार राजनीति हो रही है। असम में बांग्ला भाषी नागरिकों के ऊपर हमेशा तलवार लटकती रहती है। भारतीय नागरिक होते हुए भी अधिकांश एक धर्म विशेष के होने के कारण उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जा रहा है। जिसके कारण असम में राजनीतिक और सामाजिक टकराव बना हुआ है।

**1.85 लाख घुसपैठिये घोषित 73 डिटेंशन सेंटर**

में पिछले 11 वर्षों से यह खेल चल रहा है। असम फॉरेन ट्रिब्यूनल ने 1.85 लाख लोगों को घुसपेठिया घोषित किया गया है। जो डिटेंशन सेंटर बनाये गये थे। अब अधिकांश खाली हो चुके हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार मात्र 73 लोगों को डिटेंशन सेन्टर में रखा गया है। पिछले 9 वर्षों से एनआरसी के नाम पर असम में जो खेल खेला गया है। उसने मानवता को एक तरह से शर्मसार किया है। देश एवं प्रदेश के सरकारी खजाने से हजारों करोड़ रूपया खर्च हो गया। 2 लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हो गए। लाखों लोगों के ऊपर अभी भी तलवार लटक रही है। विदेशी घुसपेठियों का मामला अभी भी वैसा है जैसा 11 वर्ष पहिले था। राजनीति का एक स्वरूप यह भी है। ( लेखक- सनत जैन )

## खेल - समाचार

### ईरानी कप में सरफराज ने लगाया शतक

लखनऊ ( ईएमएस )। बल्लेबाज सरफराज खान ने मुंबई की ओर से खेलते हुए ईरानी कप शतक लगाया है। सरफराज ने इसी के साथ ही शेष भारत के खिलाफ अपना 15वां प्रथम श्रेणी शतक लगाया। यहां के एकाना स्टेडियम में खेले जा रहे मैच के दूसरे दिन लंच से पहले ही सरफराज ने तेजी से खेलते हुए 14 चौके लगाकर अपना शतक पूरा किया। सरफराज मुंबई के 4 विकेट 139 रनों पर गिरने के बाद मैदान पर उतरे थे। इसके बाद उन्होंने अजिंक्य रहाणे के साथ मिलकर पारी को संभाला।

रहाणे और सरफराज ने पहले दिन अंत तक 98 रन बनाये जिससे मुंबई की टीम 4 विकेट पर 237 रनों तक पहुंची। दूसरे दिन दोनों ने 43 रन और जोड़े पर रहाणे 97 रन बनाकर यश दयाल की गेंद पर आउट हो गए और शतक नहीं लगा पाये। इसके बाद सरफराज के साथ शम्स मुलानी क्रीज पर आए पर वह भी जल्द ही आउट हो गये। सरफराज ने तब तनुश कोटियन के साथ मिलकर 58 रन बनाए और मुंबई को लंच तक 6 विकेट पर 338 रन तक पहुंचाया। सरफराज को बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में शामिल किया गया था पर दूसरे टेस्ट के अंतिम दिन उन्हें ईरानी कप के लिए रिलीज कर दिया गया था।

### आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंचे बुमराह

यशस्वी बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान जबकि विराट छठे स्थान पर पहुंचे

दुबई ( ईएमएस )। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) की टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष पर पहुंच गये हैं। बुमराह को बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का लाभ मिला है। आईसीसी के अनुसार दूसरे टेस्ट में छह विकेट लेने के बाद बुमराह पहले नंबर पर चल रहे आर अश्विन से एक अंक आगे निकलकर नंबर एक स्थान पर पहुंच गये। वहीं इस सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी करने वाले भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल दो स्थान के लाभ के साथ ही तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

अश्विन ने दूसरे टेस्ट में 5 विकेट लिए और वह बुमराह की 870 अंकों की रेटिंग से केवल एक अंक पीछे हैं जबकि बांग्लादेश को मेहदी हसन अपनी अच्छी गेंदबाजी से चार स्थान ऊपर आकर 18वें स्थान पर और अनुभवी स्पिनर शाकिब अल हसन पांच स्थान के लाभ के साथ ही 28वें स्थान पर पहुंच गये हैं। वहीं श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में 18 विकेट लेकर एक पायदान ऊपर आकर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं इंग्लैंड के जो रूट और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन पहले और दूसरे नंबर पर हैं, वहीं भारत के ही विराट कोहली की भी शीर्ष दस में वापसी हुई है। विराट छह स्थान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गये हैं।

बांग्लादेश पर जीत की बदौलत भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में शीर्ष पर और आगे बढ़ गया है और लगातार तीसरे फाइनल में जगह बनाने की स्थिति में है। सलामी बल्लेबाज जायसवाल को बांग्लादेश के खिलाफ बारिश से प्रभावित टेस्ट के दौरान प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपडेट की गई टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंचकर अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की। उन्होंने इस मुकाबले में 72 और 51 रन बनाए। इसका मतलब यह है कि टेस्ट बल्लेबाजों की अपडेट की गई रैंकिंग में

श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज कामिंडू मेंडिस पांच स्थान के सुधार के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं श्रीलंका के ही दिनेश चांदीमल छह स्थान के लाभ के साथ 20वें स्थान पर और एंजेलो मैथ्यूज चार स्थान के सुधार के साथ 23वें स्थान पर हैं। वहीं सीमित ओवरों में

ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद एक स्थान के फायदे से वनडे बल्लेबाजों की सूची में 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के जोड़ीदार हैरी ब्रूक 73 स्थान ऊपर चढ़कर 50वें स्थान पर और बेन डकेट 30 स्थान ऊपर चढ़कर 54वें स्थान परपहुंच गए हैं।

### शंघाई मास्टर्स से बाहर हुए नागल

शंघाई ( ईएमएस )। भारत के सुमित नागल शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले ही दौर में हार के साथ बाहर हो गये हैं। सुमित को यहां पहले ही दौर में चीन के वू यिबिंग ने सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हरा दिया। नागल का प्रदर्शन इस मैच में निराशानक रहा। वहीं इससे पहले अगस्त में अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल के पहले दौर में वह नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर के हाथों हार गये थे। अमेरिकी ओपन के बाद अब वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में खेल रहे थे। नागल ने हाल में पीठ की चोट के कारण स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में नहीं खेला था। जिसपर विवाद हुआ था और अखिल भारतीय टेनिस संघ ( एआईटीए ) ने आरोप लगाया था कि नागल ने ये मुकाबला जानबूझकर नहीं खेला।

### टी20 महिला विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम : मंधाना

दुबई ( ईएमएस )। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनकी टीम गुरुवार से शुरु हो रहे टी20 महिला विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। मंधाना ने माना कि यहां की तेज गरमी से खिलाड़ियों को परेशानी होगी पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के दौरान इस प्रकार के बहाने नहीं बनाये जा सके। आपको हर प्रकार के हालातों में खेलने के लिए तैयार रहना होता है। भारतीय टीम अपना पहला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 अक्टूबर को खेलेगी। इसके बाद, टीम 6 अक्टूबर को उसे पाकिस्तान से खेलना है।

स्मृति ने कहा, दोपहर का मैच गर्मी के कारण चुनौतीपूर्ण होने वाला है पर जब आप भारत के लिए खेलते हैं, तो कोई बहाना नहीं होता है। आपको अच्छी तरह से तैयारी करनी होती है, और मुझे लगता है कि हमारे पास हालातों के अनुकूल तैयारी करने के लिए थोड़ा समय है। मुझे भरोसा है कि जब तक हम पाक का मुकाबला करेंगे तब तक मानसिक रूप से तैयार हो जाएंगे। हमें मजबूत बने रहने की जरूरत है। हम अन्य टीमों की तुलना में कुछ हद तक गर्मी के आदी हैं पर अभ्यास के पहले कुछ दिन यहां काफी थकान भरे रहे। तैयारी हालांकि अच्छी रही है और यहां आने से पहले हमने बेंगलुरु में एक शानदार कैंप लगाया था, जहां हमने सभी बातों पर ध्यान दिया था।

महिला क्रिकेट में भारत-पाक प्रतिद्वंद्विता को लेकर कहा, मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान मुकाबला किसी और चीज से ज्यादा प्रशंसकों की भावनाओं से जुड़ा है। ऐसा नहीं है कि खिलाड़ी एक-दूसरे से बात नहीं करते, यह दोनों देशों की भावनाएं हैं जो इसे इतना रोमांचक बनाती हैं। भारतीय टीम टूर्नामेंट के ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ है।

### वैभव ने अंडर-19 क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाया

चेन्नई ( ईएमएस )। वैभव सूर्यवंशी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय अंडर-19 टीम की ओर से सबसे तेज शतक का रिकार्ड बनाया है। वैभव ने ये शतक 58 गेंदों पर ही लगा दिया। इस बल्लेबाज ने 62 गेंदों में 14 चौकों और चार छक्कों की सहायता से 104 रन बनाये। उन्होंने विहान मल्होत्रा के साथ पहले विकेट के लिए 133 रन बनाये। विहान ने कुल 76 रनों की पारी खेली।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस चार दिवसीय मैच के पहले दिन भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को 293 रनों पर ही समेट दिया। इसके बाद दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने बिना किसी नुकसान के 103 रन बना लिए थे। वहीं वैभव के रन आउट होने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई। भारतीय टीम ने शेष बचे नौ विकेट 163 रन पर खो दिये। भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज रन बनाने में विफल रहे। इससे भारतीय टीम अपनी पहली पारी में 296 रन ही बना पायी। उसे पहली पारी के आधार पर केवल तीन रन की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से भारतीय मूल के लेग स्पिनर रामकुमार ने 4 और ऑफ स्पिनर ब्राउन ने 3 विकेट लिए। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 110 रन बनाए।

### आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के नये नियम से धोनी को होगा करोड़ों का नुकसान


मुम्बई ( ईएमएस )। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के नीयमों में बदलाव से चेन्नई सुपर किंग्स ( सीएसके ) टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को करोड़ों का नुकसान हो सकता है। अब आईपीएल की अगली नीलामी में उन खिलाड़ियों को अनकैप्ड की लिस्ट में रखा जाएगा जिन्होंने 5 साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और जिनके पास बीसीसीआई अनुबंध नहीं है। धोनी ने साल 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और उनके पास बीसीसीआई का अनुबंध भी नहीं है हालांकि नियमों के अनुसार वह 2025 आईपीएल खेलने के पात्र हैं। धोनी ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2019 में खेला था।

धोनी ने आईपीएल 2024 सीजन की शुरुआत से पहले चेन्नई सुपरकिंग्स टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था. उन्हें तब सीएसके ने 12 करोड़ में रिटेन किया था। वहीं अब अगर सीएसके धोनी को बतौर अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन करती है तब उनके वेतन में करोड़ों की कमी करनी पड़ेगी।

सत्यमेव जयते
गुजरात सरकार

गुजरात पर्यटन निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित

**वाइब्रन्ट नवरात्रि उत्सव 2024 में आपका हार्दिक स्वागत है**



# आइये मनाएं, दुनिया का सबसे लंबा और गुजरात का सबसे भव्य गरबा महोत्सव

-: उद्घाटन :-
**श्री अमितभाई शाह**
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के कर कमलों द्वारा

-: विशेष उपस्थिति :-
**श्री भूपेन्द्रभाई पटेल**
माननीय मुख्यमंत्री, गुजरात

3 अक्टूबर, 2024 | रात्रि 8:00 बजे से
गुजरात युनिवर्सिटी ग्राउंड, हेलमेट चार रस्ता के पास, अहमदाबाद




**कार्यक्रम**

**उद्घाटन समारोह**
3 अक्टूबर, 2024, "जय माँ आध्याशक्ति" की थीम पर मल्टीमीडिया सांस्कृतिक कार्यक्रम और महाआरती

**शेरी गरबा**
4 से 11 अक्टूबर, 2024, रात्रि 09.00 बजे से 11:45 बजे तक (पारंपरिक पोशाक अनिवार्य)
मुख्य मंच पर प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुति

**महाआरती**
4 से 11 अक्टूबर, 2024,
रात्रि 11:45 बजे

**अन्य प्रमुख आकर्षण**
3 से 11 अक्टूबर, 2024, शाम 05:00 बजे से रात 12:00 बजे तक
थीम मंडप | क्राफ़्ट बाज़ार | फूड स्टॉल | बाल नगरी | थीम गेट | विविध इंस्टॉलेशन्स

**गुजरात पर्यटन निगम लिमिटेड**
उद्योग भवन, ब्लॉक नंबर 16, चौथी मंजिल, सेक्टर-11, गांधीनगर - 382 010
**टोल फ्री नंबर:** 1800 203 1111 | **वेबसाइट:** www.gujarattourism.com

अधिक जानकारी के लिए QR स्कैन करें

**( आम जनता के लिए नि:शुल्क प्रवेश )**

# पीएम मोदी ने गांधीजी के अंत्योदय से सर्वोदय विचारों को आगे बढ़ाया : मुख्यमंत्री

अहमदाबाद (ईएमएस) मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को गांधीजी की जयंती के उपलक्ष्य में की जन्म स्थली पोरबंदर स्थित कीर्ति मंदिर में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भी मुख्यमंत्री सहभागी हुए। भूपेन्द्र पटेल ने गांधीजी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके त्याग, तपस्या एवं बलिदान से हमें स्वतंत्रता के अमृत काल के मीठे पल चखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अहिंसा नम्रता की पराकाष्ठा है। समग्र विश्व को अहिंसा की राह दिखाने वाले गांधीजी का जीवन ही उनका संदेश है। गांधीजी ने स्वराज दिला कर सुदूरवर्ती मानव को साथ रखते हुए ग्रामोत्थान का विचार दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसी स्वराज को सुराज्य में परिवर्तित कर अंत्योदय से सर्वोदय का मंत्र सार्थक किया है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूज्य महात्मा गांधी के अंत्योदय के मंत्र के साथ विकसित भारत के चार स्तंभों गरीब, किसान, युवा एवं नारी (ग्यान) को भी सशक्त किया है। भूपेन्द्र पटेल ने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रार्थना का अनूठा महत्व है। गांधीजी कहते थे, 'प्रार्थना आत्मा का आहार है। आत्म शुद्धि के लिए प्रार्थना बहुत ही आवश्यक है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वभर से लोग कीर्ति मंदिर आकर सर्वधर्म प्रार्थना के माध्यम नया बल प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने के लिए 10 वर्ष पूर्व स्वच्छ भारत मिशन शुरू किया, जो देशभर में घर-घर पहुँचा और स्वच्छता को हमारा स्वभाव बनाने के लिए प्रेरणा मिली और हमने यह वाक्य सार्थक किया है कि स्वच्छता जन भागीदारी का कार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी आत्मनिर्भरता, गरीब कल्याण एवं पर्यावरण आधारित विकास के संकल्प के साथ गांधी विचार मूल्यों को चारितार्थ कर भारत को विकसित, उन्नत व अमृतमय बनाने के लिए प्रतिबद्ध हों।

केन्द्रीयमंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गांधीजी को वंदन करते हुए कहा कि उन्होंने विश्व को बताया कि राज्य शासन परिवर्तन के लिए अहिंसा एक मार्ग हो सकता है। गांधीजी द्वारा दिए गए दर्शन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित बनाने के लिए कार्यान्वयन हो रहा है। गांधीजी के अहिंसा, स्वच्छता, बुनियादी शिक्षा, अर्थव्यवस्था तथा अंत्योदय एवं समाज के स्वरूप के विचार दर्शन को लागू कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को विकसित भारत बनाने के लिए परिश्रम कर रहे हैं। हम भी गांधीजी के दिखाए मार्ग पर आगेबढ़कर भारत को विकसित भारत बनाएँ। इस अवसर पर जलापूर्ति एवं पोरबंदर जिला प्रभारी मंत्री कुँवरजी बावळिया ने मुख्यमंत्री को प्रिय चरखा अर्पण किया। कीर्ति मंदिर में आयोजित इस सर्वधर्म प्रार्थना सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष परबत परमार, विधायक अर्जुन मोढवाडिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चेतना तिवारी, पूर्व मंत्री बाबूभाई बोखीरिया, भागवताचार्य रमेशभाई ओझा, रीयर एडमिरल सतीश बासुदेव, जिला कलेक्टर एसडी धानाणी, जिला विकास अधिकारी के. बी. ठक्कर, रेंज पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) नीलेशजाजडिया, जिलापुलिस अधीक्षक भगीरथसिंह जाडेजा, अग्रणी रमेशओडेदरा, पदाधिकारी, अधिकारी, कर्मचारी तथा नगरजन उपस्थित रहे।

# 'सस्ती' इंटरसिटी बंद, 'महंगी' नमो भारत रैपिड ट्रेन लॉन्च

भुज, 2अक्टूबर

भुज-अहमदाबाद के बीच शुरू हुई नई सेमी-हाई स्पीड 'नमो भारत रैपिड ट्रेन' एक बड़ी समस्या लेकर आई है। नमो भारत रैपिड ट्रेन के लॉन्च के बाद ऐसी संभावना थी कि भुज-गांधीनगर इंटरसिटी ट्रेन सेवा बंद कर दी जाएगी। इसलिए आज (2-10-2024) भुज-गांधीनगर के बीच चलने वाली इंटरसिटी ट्रेन सेवा समाप्त कर दी गई है। जिससे कई पर्यटक परेशान हो गए।

पुरानी भुज-गांधीनगर इंटरसिटी सेवा आज से आधिकारिक तौर पर समाप्त हो गई है, नई ट्रेन उसी रूट और समय पर शुरू हो रही है। यह ट्रेन पिछले 7 अप्रैल 2023 से भुज अहमदाबाद (साबरमती) के बीच तीन महीने के लिए ग्रीष्मकालीन स्पेशल के रूप में शुरू की गई थी। जैसे-जैसे ट्रेन की उपयोगिता और लोकप्रियता बढ़ती गई, इस ट्रेन का विस्तार हर तीन महीने में किया जाने लगा। रेलवे यार्ड के संचालन के कारण इस ट्रेन को कुछ महीनों के लिए साबरमती के बजाय गांधीनगर तक बढ़ा दिया गया था। आख़िरकार इस ट्रेन सेवा को तीन महीने के लिए 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया. हालांकि, यात्रियों को इस जानकारी की जानकारी नहीं थी, जिससे वे असमंजस में पड़ गए. रेलवे सूत्रों के मुताबिक अब यह ट्रेन भुज और राजकोट के बीच चलने की संभावना है।

नमो भारत ट्रेन के टिकट रेट की तुलना में इंटरसिटी ट्रेन में स्लीपर कोच का किराया लगभग आधा और जनरल कोच का किराया मात्र 150 रुपये था. अब नई ट्रेन में 3 गुना किराया यानी 450 रुपये चुकाना होगा. ऐसे में नई कॉरपोरेट हाई स्पीड ट्रेन की तुलना में यह ट्रेन पर्यटकों के लिए काफी आरामदायक होती थी। पुरानी ट्रेन में जनरल कोच से भुज से अहमदाबाद तक का सफर 150 रुपए में होता था, जो अब 3 गुना यानी 150 रुपए किराया लगता है। 450 छूट गए. एकमात्र फायदा यह है कि ट्रेन एसी है। पहले रु. स्लीपर में 250 लेकिन वंदे मेट्रो में रु. 450 किराया है. इसके साथ ही सीटिंग सिस्टम टूटा होने की भी शिकायत है. एसटी बस जैसी बैठने की व्यवस्था के कारण लोग लंबी यात्रा के दौरान थक जाते हैं।

# जीएमडीसी, अहमदाबाद में 'वाइब्रेंट नवरात्रि महोत्सव' में 'सरसमेलो' का आयोजन

अहमदाबाद, 2 अक्टूबर

गुजरात की नवरात्रि पूरी दुनिया में मशहूर है. गुजरात लाइवलीहुड प्रमोशन कंपनी लिमिटेड महिलाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए राज्य के पारंपरिक त्योहारों को ग्रामीण हस्तशिल्प के साथ जोड़ने के लिए सखी मंडल की महिलाओं के लिए सरसमेला का आयोजन करती है। इस वर्ष जीएमडीसी, अहमदाबाद में 'वाइब्रेंट नवरात्रि महोत्सव-2024' में गुजरात पर्यटन द्वारा एक सरस मेला थीम वाले मंडप का निर्माण किया गया है।

इस मंडप में तीन से 13 अक्टूबर तक 22 स्टॉल लगेंगे। इस स्टॉल में राज्य के विभिन्न जिलों के ग्रामीण इलाकों से सखीमंडल अपने उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री करेंगे. मंडप राज्य भर में स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की गई अनूठी कला और शिल्प का प्रदर्शन करेगा। पर्यटन विभाग की सूची में कहा गया है कि इस मंच के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को कला में रुचि रखने वाले लोगों से रूबरू होने के साथ-साथ जीविकोपार्जन का भी मौका मिलेगा।

इस मंडप में पारंपरिक वस्त्र सजावट के साथ-साथ हस्तशिल्प और विभिन्न संरचनाओं के साथ गुजरात राज्य की कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा। आगंतुकों को भारत सरकार, गुजरात सरकार और गुजरात आजीविका संवर्धन कंपनी द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों और नीतियों के बारे में सूचित करने के लिए एक पैनल डिस्प्ले, एलईडी स्क्रीन भी स्थापित की गई है। ब्रांडिंग के लिए मंडप में दो फोटो कॉर्नर बनाए गए हैं, जहां आगंतुक यादगार पलों को कैद कर सकते हैं। मेले को यादगार बनाने के लिए एक ठआई लव सारसठ फोटोबूथ भी बनाया गया है।

मंडप में दो टच स्क्रीन कियोस्क के माध्यम से आगंतुक विभिन्न उत्पादों और सखी मंडलों के साथ-साथ उनके द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। मंडप को हस्तशिल्प और वास्तुकला से सजाया गया है, जो ग्रामीण गुजरात की संस्कृति और हस्तशिल्प उद्योगों को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा, गुजरात के सखी मंडलों द्वारा निर्मित उत्पादों की एक डिजिटल कैटलॉग भी लॉन्च की जाएगी।

जीवंत नवरात्रि के दौरान हर दिन 30 से 40 हजार लोग आते हैं इसलिए इन महिलाओं को एक अच्छा बाजार मिलेगा जो भारत की विविध कारीगर विरासत को संरक्षित करने में मदद करेगा। इस खूबसूरत मेले का थीम मंडप गुजरात की समृद्ध कला विरासत का उत्सव है, जिसमें ग्रामीण महिलाओं के हस्तशिल्प पर विशेष ध्यान दिया गया है।

# केन्द्रीय मंत्री अमित शाह अहमदाबाद में वाइब्रेंट नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ कराएंगे

अहमदाबाद (ईएमएस) केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 3 अक्टूबर को अहमदाबाद के जीएमडीसी ग्राउंड में आयोजित वाइब्रेंट नवसात्रि महोत्सव का शुभारंभ कराएंर्गे गुजरात ने जिसे वैश्विक पहचान दिलाई उस गरबा उत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए हर साल वाइब्रेंट नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जाता हैं राज्य सरकार की ओर होने वाले गरबा महोत्सव का अमित शाह गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल, मूलुभाई बेरा औरगृहराज्यमंत्री हर्ष संघवी उपस्थित रहेंर्गे गौरतलब है वर्ष-2022मेंगुजरातपर्यटननिगम लिमिटेड द्वारा अहमदाबाद के जीएमडीसी में आयोजित वाइब्रेंट नवरात्रि महोत्सव में 11.52 लाख से अधिक नागरिकों ने भाग लिया। जबकि वर्ष-2023 में गुजरात पर्यटन निगम लिमिटेड द्वारा जीएमडीसी में आयोजित वाइब्रेंट नवरात्रि महोत्सव में अनुमानित 12.71 लाख से अधिक नागरिक शामिल हुए।

राज्य के पर्यटन विभाग की विज्ञप्ति के मुताबिक गुजरात पर्यटन निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित जीवंत नवरात्रि महोत्सव में पिछले दो वर्षों में आगंतुकों की संख्या में अनुमानित 11 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इस वर्ष वाइब्रेंट नवरात्रि महोत्सव 2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान जय माँ आद्याशक्ति की थीम पर एक मल्टीमीडिया सांस्कृतिक कार्यक्रम और महा आरती आयोजित की जाएगी। जबकि 4 से 11 अक्टूबर तक रात्रि 9 बजे से 11.45 बजे तक गुजरात के प्रसिद्ध कलाकारों-गायकों द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। रात 11.45 बजे जीएमडीसी में महाआरती होगी। वाइब्रेंट नवरात्रि उत्सव में थीम मंडप, हस्तशिल्प बाजार, फूड स्टॉल, बाल नगरी, विभिन्न थीम वाले द्वार आदि जैसे प्रमुख आकर्षण भी शामिल हैं

# बनासकांठा में बनेगा वायु सेना का नया स्टेशन

अहमदाबाद (ईएमएस)। गुजरात के बनासकांठा जिले के डीसा शहर में भारतीय वायु सेना का एक नया स्टेशन बनने जा रहा है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के दौर में आए थे। तब उन्होंने नए एयरपोर्ट स्टेशन प्रोजेक्ट का काम शुरू करने के लिए हरी झंडी दिखाई है।

पाकिस्तान की सीमा यहां से 130 किलोमीटर दूर है। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने डीसा एयरवेस पर उपलब्ध रनवे का सर्वेक्षण कर लिया है। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने इस सर्वे का काम सिंगापुर की एक निजी कंपनी को सौंपा है। इस तरह का सर्वे विदेशी कंपनियों द्वारा ही किया जाता है। इन कंपनियों के पायलट काफी अनुभवी होते हैं। उनके पास उड़ान का बहुत अनुभव होता है। सर्वे रिपोर्ट रक्षा मंत्रालय को सौंपी जाएगी। वायु सेना का यह नया स्टेशन सामरिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण होगा।

# बदनाम करने की धमकी देकर युवती को ब्लैकमेल करने वाला आरोपी पकड़ा गया

अहमदाबाद, 2 अक्टूबर

शहर के शीला इलाके में रहने वाली 21 साल की एक लड़की से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर उससे दोस्ती करने के बाद आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड करने और लड़की से पैसों की मांग करने वाले युवक को भोपाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुणे. उसने गोवा में लड़की के हाथ पर सिगरेट के टुकड़े रख दिए थे और लड़की ने अपने हाथ पर ब्लेड मारकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी. भोपाल पुलिस ने पूरे मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है. शहर के शेला में रहने वाली 21 साल की लड़की दिसंबर 2023 में गोवा के एक कैंप में गई थी, तभी सोशल मीडिया के जरिए उसके संपर्क में आए साहिल अहमद इब्राहिम सतारकर ने उसका यौन उत्पीड़न किया और उसके हाथ में सिगरेट के टुकड़े थमा दिए. फिर लड़की ने आत्महत्या करने की कोशिश की और अपने रिश्तेदारों को एक क्यूआर कोड भेजकर पैसे की मांग की।

साहिल ने वीडियो कॉल के जरिए लड़की से संपर्क कर स्क्रीन रिकॉर्ड से वीडियो शूट कर उसे ब्लैकमेल किया। इस मामले में भोपाल पुलिस ने साहिल नाम के युवक को पुणे से गिरफ्तार किया है. इस संबंध में अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस प्रमुख ओमप्रकाश जाट ने कहा कि आरोपी साहिल का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है और जांच के लिए फोरेंसिक प्रयोगशाला में भेज दिया गया है. हो सकता है कि उसने अन्य लड़कियों को भी ब्लैकमेल किया हो। पीड़ित लड़की पुणे में पढ़ाई कर रही थी. ऐसे में पुणे में अपने साथ पढ़ने वाले एक अन्य युवक के जरिए साहिल को लड़की की सोशल मीडिया आईडी मिली और उसे फ्रेंडशिप रिक्वेस्ट मिली और वह उससे संपर्क में आया। इस संबंध में आरोपी से आगे की पूछताछ की जा रही है।

उधर, पता चला है कि युवती मानसिक रूप से अवसादग्रस्त होने के कारण उसे इलाज के लिए नेपाल भेजा गया है.

# इजराइल-ईरान युद्ध का गरबा पर असर, फाल्गुनी पाठक का गरबा कार्यक्रम स्थगित अहमदाबाद

अहमदाबाद, 2 अक्टूबर

सनातन धर्म यानी हिंदुओं के लिए नवरात्रि का विशेष महत्व है। इन नौ दिनों में आद्यशक्ति जगदंबा के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। रात के दौरान, देर तक जागकर, गाना गाकर और मन गरबा खेलकर त्योहार मनाया जाता है। और अब अलग-अलग पार्टियों को बुलाकर मन गरबा खेला जाता है. तब फाल्गुनी पाठक का गरबा अहमदाबाद के शंकुज फार्म में होना था, लेकिन किन्हीं कारणों से अब यह 14 अक्टूबर को होगा।

दरअसल, फाल्गुनी पाठक का गरबा आज अहमदाबाद के शंकुज फार्म में होना था, लेकिन ईरान-इजरायल युद्ध के कारण टीम कनाडा से वापस नहीं लौट सकी और आज का प्लान कैंसिल कर दिया गया है. फाल्गुनी पाठक ने सोशल मीडिया पर घोषणा की है कि यह 14 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा।

सोशल मीडिया पर इस बारे में फाल्गुनी पाठक ने कहा, ठकैसे हैं आप सभी? आप में से लगभग सभी ने कल से शुरू होने वाली नवरात्रि की तैयारी कर ली है. और खासकर मैं आज लाइव आई हूं क्योंकि एक महत्वपूर्ण घोषणा होनी है कि कार्यक्रम होगा आज अहमदाबाद में आयोजित किया जाना है। इसे कुछ कारणों से स्थगित किया जाना चाहिए, जो 14 अक्टूबर को होगा, क्योंकि हम टोरंटो से भारत वापस आ रहे थे, इसलिए हम कल शाम को वापस आ गए। कल फ्लाइट भारत आने के लिए रवाना हुई थी, लेकिन ईरान और इजराइल के बीच युद्ध के कारण फ्लाइट को वापस पेरिस जाना पड़ा.

उन्होंने आगे कहा, ठमैं आज अकेले आ सकता था, लेकिन टीम के बिना आपको मजा नहीं आएगा और मुझे गाने में मजा नहीं आएगा. इसलिए कृपया अपने लोगों का समर्थन करें. तो चलिए आज की बजाय 14 अक्टूबर को प्रोग्राम रखते हैं और गरबा और आइए बुलाते हैं.ठ रामज़ात, कृपया हमारा समर्थन करें। कल से हमारी टीम बिना किसी रुकावट के वापस आ जाएगी। और हाँ, गरबा का स्थान वैसा ही होगा जैसा आज था।

# फर्जी पुलिस ने स्कूटर चालक को धमका कर 36 हजार कैश लूट लिये

अहमदाबाद, 2अक्टूबर

एसपी रिंग रोड पर फर्जी पुलिसकर्मी बनकर वाहन चालकों को रोककर झूठे मुकदमे दर्ज कराने या अन्य बहाने बनाने वाले कई गिरोह सक्रिय हैं। कुछ दिन पहले ओगोनाज के पास रिंग रोड पर एक युवक को रोककर 36 हजार की लूट की गई थी। फिर उसे और पैसे निकालने के लिए साइंस सिटी रोड पर एक एटीएम में ले जाया गया। लेकिन, वहां पैसे नहीं मिलने पर उसने पेट्रोल पंप से गूगल पे के जरिए 50 हजार और लेने की कोशिश की।

सोला पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. भदाज के कृष्णा रो हाउस में रहने वाला युवक रमेश डांगर इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। गत 23 सितंबर की दोपहर एसपी रिंग रोड पर सेंटोसा सोसायटी के पास से गुजर रहे थे। तभी स्कूटर पर सवार दो युवकों ने उसे रोका और खुद को पुलिस बताया और उसे दो थप्पड़ मारे और कहा कि उसके खिलाफ गांजा और शराब के मामले में उसका नाम खोला गया है। आपके खिलाफ मामला दर्ज करना होगा.' केस खत्म करना है तो पैसा देना होगा. इतना कहकर उससे 36 हजार रुपये लूट लिये।

लेकिन, 50 हजार रुपये और लगेंगे, नहीं तो केस हो जायेगा. इतना कहकर रमेश को साइंस सिटी रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम पर ले गया। जब रमेश ने गलत पिन नंबर डाला तो दोनों लोग उसे गोटा ब्रिज स्थित एक पेट्रोल पंप पर ले गए। जहां उसने रमेश को गूगल पे से भुगतान कर पेट्रोल पंप के मैनेजर से 50 हजार लेने के लिए भेजा। लेकिन जब मैनेजर ने मना कर दिया तो दोनों उसे दूसरे पेट्रोल पंप पर ले गये और इसी दौरान गोटा पुल के नीचे पुलिस को देखकर दोनों भाग गये. सोला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. सूत्रों से पता चला है कि आरोपियों को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया है.

# अहमदाबाद के एस.जी. स्टंटबाजों की वजह से हाईवे हुआ खतरनाक, कार की चपेट में आने से दो पैदल यात्रियों की मौत

अहमदाबाद, 2 अक्टूबर

ज़ायडस चौक से वैष्णोदेवी सर्कल तक एसजी हाईवे का हिस्सा सुपरफास्ट हाईवे बन गया है क्योंकि चार सड़कों पर कोई क्रॉसिंग नहीं है, लोग चार पहिया वाहनों पर दौड़ रहे हैं। इसके चलते खतरनाक एसजी हाईवे पर कार की टक्कर से दो पैदल यात्रियों की मौत हो गई. दोस्त के बेटे के बारे में पता करने आए एक युवक की वैष्णोदेवी सर्किल के पास कार की टक्कर से मौत हो गई। तो वहीं गोटा सर्किल से आगे एक कार की टक्कर से दूसरी कार की छत पर गिरे अज्ञात युवक की गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। गतिपर नियंत्रण नहीं लगाने के कारण यह सड़क जानलेवा बन गयी है.

मेहसाणा में रहने वाले दशरथभाई चंद्रकांतभाई पटेल ने एसजी-1 ट्रैफिक पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि दोस्त गौतमबाही पटेल के बेटे विवान ने के.डी. अस्पताल में इलाज चल रहा था तो वे अपने दोस्तों के साथ पता करने आये. दशरथभाई और दोस्त सुनीलभाई और अमितभाई चारोदी पाटिया के पास रेस्तरां में लौट रहे थे। रात करीब नौ बजे सुनीलभाई वैष्णोदेवी सर्कल के पास फुटपाथ के किनारे टहल रहे थे।

इसी समय एक बंद बॉडी चार पहिया वाहन ने सुनीलभाई को पीछे से टक्कर मार दी। सुनीलभाई का सिर सीवर की आरसीसी से बने फुटपाथ से टकरा गया। दुर्घटना करने के बाद ट्रागड कार चलाते हुए भाग गया। सुनीलभाई दहयाभाई पटेल (उम्र 40, निवासी विसनगर) की सिर में गंभीर चोट लगने से मृत्यु हो गई। एसजी-1 हाईवे पुलिस ने ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है.

दूसरी घटना में, माखेजा में रहने वाले और जगतपुर में वेब डिजाइनर के रूप में काम करने वाले मन कल्पेशभाई पटेल ने शिकायत दर्ज कराई है। डी.टी. 30 तारीख की रात पौने आठ बजे एक अज्ञात व्यक्ति मनी प्लांट बिल्डिंग के सामने सड़क पार कर रहा था, तभी गोटा की ओर से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी. वह आदमी उछलकर पास से गुजर रही कार के शीशे पर गिर गया। अज्ञात और अनियंत्रित कार की टक्कर में सरगासन के मयंक सुरेशभाई कोटक की मौत हो गई. मयंक कोटक, जो एक अन्य कार के कारण दुर्घटना का हिस्सा थे, और अभियोजक मान पटेल ने मृतक को सड़क के किनारे ले गए। एसजी-1 ट्रैफिक पुलिस ने उस कार की तलाश शुरू कर दी है जो घातक दुर्घटना का कारण बनी और भाग गई। मृतक की पहचान की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

कारकी छत पर सिर्फ तीन बच्चों को बैठाकर एसजी हाईवे पर स्टंट करनेवालेगैराजकेमैकेनिक के खिलाफ एसजी-1ट्रैफिक पुलिस में शिकायत दर्जकराईगईहै।पुलिस ने शिकायतकर्ता केरूपमें सरखेज में रहने वाले मोहम्मद नसीमउर्फसलीम अमीरुल्ला मंसूरी (37)के खिलाफ मामला दर्ज किया है। लक्ष्मी मोटर गैराज में मरम्मत कर रहेमैकेनिकनसीम भाई द्वारा वर्ना कारकीछतपर तीन बच्चों को बैठाकर नए सोला ओवरब्रिज पर उतरने का वीडियोवायरल हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है.



स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छता ही सेवा 2024 पहल में भाग लेने पर रिलायंस फाउंडेशन को गर्व है। रिलायंस फाउंडेशन ने 1 अक्टूबर, 2024 को थलतेज क्रॉस रोड, अहमदाबाद में स्वच्छता अभियान **#WECARE4SWATCHHATA** चलाया.

# होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने सितम्बर 2024 में बेचीं 5,83,633 युनिट्स

गुरूग्राम, 1 अक्टूबर, 2024:त्योहारों के सीर्जन की शुरूआत के बीचदो आंकडीं में जंबरदस्त विकास के साथ साल को जारी रखते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया एचएमएसआई ने आज सितम्बर 2024 के लिए अपने सेल्स के आंकडीं की घोषणा की है।

माह के दौरान कंपनी ने 5,83,633 युनिट्स डिस्पैच कीं, और 11 फीसदी सालाना की बढीतरी दर्ज की है। इसमें 5,36,391 युनिट्स की डोमेस्टिक बिदी और 47,242 युनिट्स का निर्यात शामिल है। माह के दौरान डोमेस्टिक बिदी में 9 फीसदी सालाना बढीतरी हुई, वहीं पिछले साल की समान अवधि की तुलना में निर्यात में भी 34 फीसदी की ानदार बढीतरी हुई है।

उल्लेखनीय है कि एचएमएसआई अप्रैल–सितम्बर 2024 के बीच 28,81,419 युनिट्स की डोमेस्टिक बिदी तथा 2,76,958 युनिट्स का निर्यात दर्ज कर चुकी है।

# केदारा समर्थित एजाक्स इंजीनियरिंग लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल की

केदारा समर्थित एजाक्स इंजीनियरिंग लिमिटेड, जो कंक्रीट उपकरणोंकी व्यापक रेंज जैसे इक्विपमेंट्स, सर्विसेज एंड सोलूशन्स के साथ एक अग्रणी कंक्रीट उपकरण निर्माताहै, ने प्रारंभिक सार्वजनिक ऑफरिंग (आईपीओ) के लिए पूंजीबाजार नियामक सेबी के साथ ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस डीआरएचपी) दाखिल किया है।

ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, बेंगलुरु मुख्यालय वाली कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में बिक्री करने वाले शेयरधारकों द्वारा 2,28,81,718 इक्विटी शेयरों (2.28 करोड़ इक्विटी शेयर) तक की बिक्री की पेशकश शामिल है।

ओएफएस में केदारा कैपिटल (निवेशक बिक्री शेयरधारक) के 74,36,800 इक्विटी शेयर, कृष्णास्वामी विजय और कल्याणी विजय प्रत्येक द्वारा 28,60,170 इक्विटी शेयर तक, जैकब जितेन जॉन द्वारा 22,88,136 इक्विटी शेयर, जैकब हैनसेन फैमिली ट्रस्ट (प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) द्वारा 60,06,357 इक्विटी शेयर और सूसी जॉन (प्रमोटर ग्रुप शेयरधारक) द्वारा 14,30,085 इक्विटी शेयर शामिल हैं।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। इक्विटी शेयरों को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

# महेसाणा-पालनपुर खंड पर दोहरीकरण कार्य के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेंगी

अहमदाबाद (ईएमएस) पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल के महेसाणा-पालनपुर खंड पर भांडु मोटी दाउ-उंझा-कामली स्टेशनों के बीच दोहरीकरण के संबंध में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के हेतु 03 अक्टूबर 2024 से ब्लॉक लिया जाएगा। इस ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें रद्द, आंशिक रूप से रद्द और डायवर्ट होगी। इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः

निरस्ते ट्रेनेंः-03अक्टूबर से 07 अक्टूबर, 2024तक आबू रोड से प्रस्थांन करने वाली ट्रेन संख्या 09438 आबू रोड-महेसाणा डेमू निरस्त0 रहेगी।

आंशिक निरस्त ट्रेन 04,05 और 06 अक्टूबर 2024 को साबरमती से चलने वालीट्रेनसंख्या14822 साबरमती-जोधुपर एक्सप्रेस आबूरोड और साबरमती के बीच आंशिक निरस्त रहेगी।

निम्नलिखित ट्रेनें महेसाणा-उंझा-पालनपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया महेसाणा-पाटन-भीलड़ी- पालनपुर के रास्ते चलेगीः-03अक्टूबर 2024 को परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनेंः3अक्टूबर को साबरमतीसेचलने वाली ट्रेन संख्या 12462साबरमती-जोधपुर वंदेभारत एक्सप्रेस 3 अक्टूबर 2024 को साबरमती सेचलनेवालीट्रेनसंख्या12548 साबरमती-आगरा केंट एक्सप्रेस3 अक्टूबर 2024 को राजकोट से चलने वाली ट्रेन संख्या 20913राजकोट-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस 3 अक्टूबर 2024 को साबरमती से चलनेवाली ट्रेन संख्या 12957 छ्ठ्ठ्ह–द्धश्च दिल्ली स्वर्ण जयंती राजधानी एक्सप्रेस 3 अक्टूबर 2024 को साबरमती से चलने वाली 12915 साबरमती-दिल्ली आश्रम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलने के कारण उंझा स्टेशन पर नहीं जाएगी। 3 अक्टूबर 2024 को बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली ट्रेन संख्या 22451 बांद्रा टर्मिनस-चंडीगढ़ एक्सप्रेस3अक्टूबर 2024 को बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली ट्रेन संख्या 12480 बांद्रा टर्मिनस-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस 3 अक्टूबर 2024 को साबरमती से चलने वालीट्रेनसंख्या19407साबरमती-वाराणसी एक्सप्रेस 3 अक्टूबर 2024 को दादर से चलने वाली ट्रेन संख्या 14708 दादर-लालगढ़ रणकपुर एक्सप्रेस

04 अक्टूबर 2024 को परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनेंः-03 अक्टूबर 2024 को दादर से चलने वाली ट्रेन संख्या 12989 दादर-अजमेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलने के कारण उंझा स्टेशन परनहीं जाएगी।02 अक्टूबर 2024 को सिकंदराबाद से चलने वाली ट्रेन संख्या 22737 सिकंदराबाद-हिसार एक्सप्रेस 03 अक्टूबर 2024 को नांदेड से चलने वाली ट्रेन संख्या 22723 हुजूर नांदेड साहेब-श्री गंगानगर एक्सप्रेस 03 अक्टूबर 2024 को पोरबंदर से चलने वाली ट्रेन संख्या2 19269 पोरबंदर - मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 03 अक्टूबर 2024 को बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली ट्रेन संख्या 14702 बांद्रा टर्मिनस-श्री गंगानगर अरावली एक्सप्रेस का परिवर्तित मार्ग से चलने के कारण ऊंझा, सिद्धपुर और छापी स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा।

03 अक्टूबर 2024 को बांद्रा टर्मिनस से चलने वाली ट्रेन संख्या 20943 बांद्रा टर्मिनस – भगत की कोठी एक्सप्रेस 02 अक्टूबर 2024 को केएसआर बैंगलुरु से चलने वाली ट्रेन संख्या 16508 के केएसआर बैंगलुरु-जोधपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलने के कारण सिद्धपुर स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। 04 अक्टूबर 2024 को साबरमती चलने वाली ट्रेन संख्या 19411 साबरमती-दौलतपुर चौक एक्सप्रेस का परिवर्तित मार्ग से चलने के कारण ऊंझा और सिद्धपुर स्टेशनों पर ठहराव नहीं होगा।

04 अक्टूबर 2024 को गांधीनगर से चलने वाली ट्रेन संख्या 19223 गांधीनगर कैपिटल-जम्मू तवी एक्सप्रेस का परिवर्तित मार्ग से चलने के कारण ऊंझा और सिद्धपुर स्टेशनों पर ठहराव नहीं होगा।

# BSNL ने 24 वर्षों की सेवा पूरी की और अपनी 25वीं वर्षगांठ पर रोमांचक नई घोषणाएं कीं

1 अक्टूबर 2024, अहमदाबाद – भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL)आज अपनी 25वीं वर्षगांठ मना रहा है, जो कि कंपनी के भारत में एक प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता बनने की यात्रा का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।1 अक्टूबर 2000 को दूरसंचार विभाग (DoT) से अलग एक स्वतंत्र इकाई के रूप में स्थापित BSNL ने पूरे देश में व्यापक दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और सरकारी व निजी ऑपरेटरों के बीच एक समान प्रतियोगिता का माहौल बनाया है। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएस एनएल) ने समुदाय-केंद्रित कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ अपने स्थापना दिवस कोगर्व सेमनाया। जनता की सेवा के लिए एकमहत्वपूर्ण कदम के रूप में, बीएस एनएल टेलीफोन भवन, सी.जी.रोड कार्यालय से गुजरात सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप सावरकर के करकमलों द्वारा एक मोबाइल सीएससी/आधार कार्ड वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिससे ग्राहकों को बीएसएनएल सेवाओं/आधार कार्ड सेवाओ तक आसान पहुँच उपलब्ध हुई। इस फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में गुजरात सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप सावरकर, गुजरात सर्कल के साथ साथ प्रधान महाप्रबंधक श्री आशुतोष गुप्ता, अहमदाबाद बिजनेस एरिया के प्रधान महाप्रबंधक श्री नितिन महाजन, ळर्ध्धंं गुजरात राज्य कार्यालय के निर्देशक श्री राजेश कुमार गुप्ता और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। जनता ने मोबाइल सीएससी/आधार कार्ड वैन सेवा का लाभ उठाया।



जैसे हो BSNL अपने 25वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, इस अवसर को मनाने के लिए पूरे भारत में, विशेष रूप से गुजरात में, कई गतिविधियों और पहलों की योजना बनाई गई है। BSNL गुजरात की गतिविधियाँः BSNL स्थापना दिवस के अवसर पर, BSNL गुजरात ने P&T कॉलोनी, सैटेलाइट रोड, शिवरंजनी में एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया।ँ एन्थ के अधिकारियों ने परिसर की सफाई के लिए स्वाच्छता अभियान (श्रमदान)में भाग लिया, जो कंपनी की स्वच्छ भारत मिशन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

संचार रथ का शुभारंभ- इसके अलावा, BSNL ने संचार रथ का शुभारंभ किया, जो BSNL सेवाओं को ग्राहकों के निकट लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह मोबाइल वैन विभिन्न सोसायटियों का दौरा करेगी और 4G/5G सिम अपग्रेडेशन, आधार सत्यापन, और इऊऊप (फाइबर टू द होम)कनेक्शन जैसी सेवाएं प्रदान करेगी, जोँ एन्थ के ग्राहक संतुष्टि और सुविधा सुनिश्चित करने के मिशन के अनुरूप है। BSNL एंटरप्राइज बिज़नेस टीम की स्थापना दिवस पहल- BSNL स्थापना दिवस के अवसर पर, एंटरप्राइज बिज़नेस (EB) वर्टिकल ने 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक एक सप्ताह का EB कस्टमर कनेक्ट प्रोग्राम शुरू किया है। इस पहल के तहत, सभी प्रमुख हितधारकों को शामिल किया गया है ताकि मूल्यवान ग्राहकों के साथ संबंध मजबूत किए जा सकें।

मालिक-मुद्रक- प्रकाशक व संपादकः लक्ष्मीचंद जी. अग्रवाल द्वारा, ब्रिजाशा ऑफसेट, जी.एम. कम्पाउन्ड, सरसपुर, अहमदाबाद -380018 में मुद्रित करवा कर वहीं से प्रकाशित किया। प्रातः कालीन E-mail : janhitaishi@yahoo.co.in फोनः 079-22921482 Mob.9375504122 , 9327086467 R.N.I. 63177/ 95